डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

PG-2

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-बिग बॉस में इन फैसलों ने पलट दिया पूरा गेम, फिनाले से पहले दिखाए गए यह तगड़े ट्विस्ट

वर्ष -08 अंक -290 | प्रयागराज ,शनिवार, 11, फरवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

देश के लोग बीजेपी के संकल्प पत्र का इंतजार करते हैं घोषणा पत्र जारी कर बोले नड्डा

(आधुनिक समाचार सेवा)
अगरतला (त्रिपुरा)। भाजपा ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अगरतला में पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इस

दौरान उनके साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा उपस्थित थे बीजेपी के संकल्प पत्र का लोग करते हैं इंतजार संकल्प पत्र जारी करने के बाद नड्डा ने कहा कि इसकी चर्चा के साथ ही मैं इसके महत्व की भी चर्चा करता हूं। दूसरी पार्टी घोषणा पत्र लाती है, तो उसे उनकी पार्टी के लोग ही महत्व नहीं देते, लेकिन भाजपा कोई प्रतिबद्धता देती है तो उसे लोग समझते हैं। देश के लोग इंतजार करते हैं कि भाजपा का संकल्प पत्र क्या होगा।त्रिपुरा कभी नाकाबंदी और उग्रवाद के लिए जाना जाता था। राज्य अब शांति, समृद्धि और विकास के लिए जाना जाता है। त्रिपुरा में 13 लाख आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं, जिसमें सेटलमेंट में अब तक 107 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं घोषणा पत्र जारी करने से पहले जेपी नड्डा ने उदयपुर में मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान उन्होंने कहा, ठआज मुझे माता सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने का अवसर मिला। जब भी मैं यहां आता हूं, मुझे नई ऊर्जा मिलती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के साथ समाज को आगे बढ़ा रहे हैं त्रिपुरा की सभी 60 विधानसभा सीटों पर 16 फरवरी को चुनाव होगा। वहीं, नगालैंड-मेघालय में 27 फरवरी को मतदान होगा। 2 मार्च को तीनों ही राज्यों के चुनाव नतीजों की घोषणा होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री गिरिराज सिंह बोले 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे नहीं

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। वैलेंटाइन डे प्यार का दिन होता है। यह दिन प्रेमियों के लिए काफी खास होता है। कपल्स इस दिन मिलकर एक-दूसरे के साथ वक्त बिताते हैं। भारत सहित दुनिया के ज्यादातर देशों में वेलेंटाइन डे किसी त्योहार से कम नहीं है। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देशभर में 14 फरवरी को 'काउ हग डे' के रूप में मनाया जाना चाहिए। 14 फरवरी को 'काउ हग डे मनाने की भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की सलाह का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कहा कि सभी को गाय से प्यार करना चाहिए। 'काउ हग डे' का फैसला काफी अच्छाः गिरिराज सिंह केंद्रीय मंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 14 फरवरी को 'काउ हग डे' का फैसला काफी अच्छा है, गायों को गले लगाया जाना चाहिए। मैं पुरुषोत्तम रूपाला जी के मंत्रालय के फैसले का स्वागत करता हूं। हम सभी को गाय से प्यार करना चाहिए और उसे गले लगाना चाहिए।' केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजना ज्योति ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। उन्होंने

आगे कहा, 'गाय को हमारी माता माना जाता है और हमें उनका आलिंगन करना चाहिए।'उन्होंने आगे कहा कि गाय के भीतर 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास है। मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं। गाय हमें जन्म से मृत्यु तक दूध देती है, हम उसका दूध पीते हैं। जन्म देने वाली मां रखती है।' हमें 9 महीने गर्भ में रखती है फिर जब हम उसे माता के रूप में पूजते हैं, तो गाय माता को क्यों नहीं? वैदिक परंपरा' को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने लोगों से 14 फरवरी को 'काउ हग डे' मनाने का आग्रह किया है। बोर्ड ने कहा, 'पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध ने हमारी संस्कृति और विरासत को लगभग भुला दिया है।' एनिमल वेलफेयर बोर्ड के अनुसार, इसके अपार लाभों के कारण, गायों को गले लगाने से भावनात्मक समृद्धि आती है और व्यक्तिगत और सामूहिक खुशी बढ़ती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'एक तरफ 14 फरवरी को पूरी दुनिया में वैलेंटाइन डे मनाया जाएगा, वहीं दूसरी तरफ एनिमल वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया ने वैलेंटाइन डे से परेशान लोगों को एक और विकल्प दिया है. वे चाहें तो काउ हग डे मना सकते हैं।'उन्होंने कहा कि भारत में कई ऐसे लोग हैं जिन्हें वैलेंटाइन डे मनाने में काफी दिक्कत होती है और उनके लिए सरकार ने इस दिन को काउ हग डे के रूप में बनाने का ऐलान किया है।

बना संकटमोचन, मलबे से 6 साल की बच्ची को निकाला सुरक्षित बाहर



(आधुनिक समाचार सेवा)
अंकारा। तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में फंसे लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए भारत हर मुमकिन कोशिश कर रहा है। मुसीबत की इस घड़ी में भारत ने राहत बचाव कार्य चला रहा है। इसी बीच गुरुवार को गृह मंत्रालय के ट्विटर हैंडल के जरिए एक वीडियो पोस्ट की गई, जिसमें देखा जा सकता है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने ग्राउंड जीरो पर राहच बचाव कार्य

तुर्किये और सीरिया के लोगों की मदद के लिए और सेना की मेडिकल टीम वहां भेजी है भारत की ओर से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत भूकंप राहत प्रयासों के लिए बचाव कर्मियों, आवश्यक वस्तुओं और चिकित्सा उपकरणों को लेकर भारत से छठा विमान तुर्कीये पहुंच गया है। छठी उड़ान के जरिए बचाव दल, डॉग स्क्वायड और आवश्यक दवाएं भेंजी गई है।राष्ट्रीय आपदा मोचन बल भी तुर्किये में करते हुए गंजियतेप शहर में इमारत के मलबे से 6 साल की बच्ची को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गौरतलब है कि इस वीडियो को गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से शेयर किया। वीडियो शेयर करते हुए अमित शाह ने लिखा, 'हमें एनडीआरएफ पर गर्व है। तुर्किये में बचाव अभियान में टीम आईएनडी-11 ने गंजयातोप शहर में छह साल की लड़की बेरेन की जान बचायी।



हेट स्पीच मामले में हिंदू संगठन ने दी पक्षकार बनाने की अर्जी, नफरती भाषण पर कार्रवाई की मांग

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार कुर्बान अली द्वारा धर्म संसद व नफरती भाषणों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। अब इसी मामले में हिंदू संगठन 'हदू

फ्रंट फॉर जस्टिस' ने शीर्ष अदालत में अर्जी दाखिल की है। अपने ट्रस्ट को मामले में पक्षकार बनाने की अर्जी के साथ ही हिंदू और हिंदुओं के विरुद्ध दिए गए नफरती भाषण के साक्ष्य साझा कर संबंधितों पर कार्रवाई की भी मांग की है। लखनऊ के निशातगंज निवासी अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की अध्यक्ष हैं। उनकी ओर से सर्वोच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल कर तर्क दिया है कि उनकी संस्था वैधानिक तरीके से सनातन धर्म के हितों की रक्षा के लिए काम करती है। धर्म संसद व नफरती भाषणों के मामलों में कार्रवाई को लेकर न्यायालय में कुर्बान अली द्वारा दायर याचिका में खुद को पक्षकार बनाने की मांग की है। साथ ही पिछले दिनों मुस्लिम और ईसाई धर्म के लोगों द्वारा हिंदू और हिंदुओं के विरुद्ध दिए गए नफरती भाषण के उदाहरण अपने प्रार्थना पत्र में उल्लेखित कर उनके वीडियो लिंक भी दिए हैं। मलसन, जुलाई 2022 में राजस्थान के अजमेर में दिया गया 'सिर तन से जुदा' का नारा, फुरफुरा शरीफ के पीरजादा ताजा सिद्दीकी द्वारा मुस्लिमों को अपने बच्चों को हिंदुओं के खिलाफ जंग के लिए तैयार करने के भाषण का उल्लेख किया है।इसी तरह शालिग्राम शिलाओं को लेकर बाबरी मस्जिद की दावेदारी पर सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता सुल्तान उस्मान खान के बयान, मौलाना तौकीर रजा का भाषण ''मैं अपने हिंदू भाईयों को खास तौर पर कह रहा हूं कि जिस दिन मेरा ये नौजवान कानून अपने हाथ में ले लेगा तो तुम्हें हिंदुस्तान में कहीं जगह नहीं मिलेगी'' सहित एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और अन्य नेताओं और मुस्लिम धर्मगुरुओं के नफरती भाषणों को अर्जी में नत्थी कर न्यायालय से कार्रवाई की मांग की है।

पीटी उषा ने राज्यसभा के कार्यवाही की अध्यक्षता की ट्विटर पर वीडियो किया शेयर

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। प्रसिद्ध एथलीट पिलावुल्लाकांडी थेक्केपरम्बिल उषा ने गुरुवार को सभापति और उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ की अनुपस्थिति में राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता की। जुलाई 2022 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उच्च सदन के लिए नामित किया गया था। नवंबर में, उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। पीटी उषा ने अपने ट्वीट में लिखा, जैसा कि फ्रेंकलिन डी.

पीटी उषा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर उस पल की एक छोटी क्लिप भी पोस्ट की जिसमें उन्होंने इस गर्व के पल का वर्णन किया। पीटी उषा को रूजवेल्ट ने कहा था कि महान शक्ति में बड़ी जिम्मेदारी शामिल होती है, इसे मैंने राज्य सभा सत्र की अध्यक्षता के दौरान महसूस किया।

एचएएल के प्रमुख अनंतकृष्णन ने कहा- 55 हजार करोड़ के आर्डर पर काम कर रही कंपनी

(आधुनिक समाचार सेवा)
बेंगलुरु। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड के चेयरमैन सीबी अनंतकृष्णन ने कहा है कि कंपनी के पास 84 हजार

करोड़ रुपये के आर्डर लंबित हैं, जबकि 55 हजार करोड़ रुपये के आर्डर पर काम चल रहा है जो अगले छह महीने या वर्षभर में पूरे हो जाएंगे। अनंतकृष्णन ने कहा, 'हमारे आर्डर बुक की स्थिति अच्छी है और इसमें करीब 84 हजार करोड़ रुपये के आर्डर हैं। हम लगभग 25 हजार करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर रहे हैं जिसमें आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हमारे पास काम करने के लिए पर्याप्त अनुबंध हैं एचएएल प्रमुख ने कहा, 'हमारी क्षमता 30 हेलीकॉप्टर प्रतिवर्ष की है। हम इसे 60 हेलीकॉप्टर प्रतिवर्ष तक बढ़ाने की कोशिश करेंगे। अगर मांग काफी ज्यादा हुई तो हम इसे 90 हेलीकॉप्टर प्रतिवर्ष तक ले जा सकते हैं।' उन्होंने बताया कि हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) मार्क-2 को स्वीकृति मिल चुकी है और रक्षा विकास एवं अनुसंधान संगठन व एचएएल मिलकर वर्ष 2024-25 में पहले एलसीए मार्क-2 का उत्पादन कर लेंगे। एचएएल की एडवांस्ड मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) परियोजना के बारे में अनंतकृष्णन ने कहा, 'इस परियोजना में प्रोटोटाइप के निर्माण में हम भी डिजाइन पार्टनर हैं। अगले पांच या छह वर्षों में विमान तैयार हो जाना चाहिए।

पीएम मोदी ने शेयर किया अरुणाचल की छात्रा का लेख

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पर्सनल ट्वीटर अकाउंट से एक छात्रा की कहानी साझा की है। इस छात्रा का नाम लोपोली मेलो है और वो अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली है। छात्रा को संसद में आयोजित 'पराक्रम दिवस 2023' समारोह में शामिल होने का मौका मिला था। यह दिवस 23 जनवरी को स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्हें हम 'नेताजी' के नाम से भी जानते हैं। इस साल नेताजी की जयंती के मौके पर देशभर से चुने गए 80 युवाओं को उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने का अवसर दिया गया। चुने गए युवाओं में 35 लड़कियां और 45 लड़के शामिल थे। चयन दिशा पोर्टल और स्दुन् वेबसाइट में क्विज तथा जिला और राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता तथा नेताजी के जीवन और योगदान पर विश्वविद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता के आधार पर किया गया था। पीएम मोदी ने ट्वीटर पर लोपोली मेलो के लेख को साझा करते हुए लिखा की यह आर्टिकल पढ़कर आपको मजा आ जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में लोकसभा स्पीकर स्पीकर ओम बिरला की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद भी किया। लोपोली मेलो, अरुणाचल प्रदेश के राजीव गांधी विश्वविद्यालय की छात्रा है। उसने 'पराक्रम दिवस 2023' में शामिल होने के लिए अपने घर से लेकर दिल्ली की यात्रा और उसके बाद की पूरी कहानी को लेकर एक लेख लिखा है, जिसके नाम की वेबसाइट पर पब्लिश किया गया है।

धारा 370 पर इस्तीफा देने वाले आई ए एस ने किया अदाणी का बचाव बोले- मैं उनका सम्मान करता हूं

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली।देश के जाने-माने

उद्योगपति गौतम अदाणी की कंपनियों के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस ने अदाणी के जरिए केंद्र को घेरने की कोशिश की तो केंद्र ने भी कांग्रेस पर जमकर हमला किया। इस बीच कश्मीर से धारा 370 को हटाए जाने के बाद 2019 में सेवा से इस्तीफा देने वाले आईएएस अधिकारी शाह फैजल ने अदाणी का समर्थन किया है। आईएएस अधिकारी शाह फैजल ने कहा कि गौतम अदानी का मैं सम्मान करता हूं, क्योंकि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों से जिस तरह से निपटा है वो बेहद शानदार है। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें एक महान इंसान के रूप में जानता हूं, जो समाज में विविधता का गहरा सम्मान करते हैं। शाह ने इसी के साथ कहा कि अदाणी केवल भारत को शीर्ष पर देखना चाहते हैं। शाह फैसल 2010 में ंध्ए परीक्षा में टॉप करने के बाद कश्मीर घाटी में काफी मशहूर हो गए। कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद भी शाह काफी चर्चा में आए थे। उन्होंने 2019 में अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया था और खुद की राजनीतिक पार्टी बना ली थी। हालांकि, शाह फैजल का इस्तीफा कभी स्वीकार नहीं किया गया और 2022 में उन्हें एक केंद्रीय मंत्रालय में उप सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। आईएएस अधिकारी को 2020 में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत घर में नजरबंद भी कर दिया गया था।

आंध्र प्रदेश में बड़ा हादसा तेल टैंकर में सफाई के लिए उतरे सात मजदूरों की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
काकीनाडा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। ऑयल फैक्ट्री के टैंकरों की सफाई के दौरान सात मजदूरों की मौत हो गई है। मौत का कारण रहने वाले थे।एक चश्मदीद ने हादसे के बारे में बताया है। उसने कहा कि पहले एक मजदूर टैंक में घुसा, जब वो बाहर नहीं आया तो उसके पीछे बाकी मजदूर भी

मजदूरों का दम घुटना बताया जा रहा है। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है पुलिस ने बताया कि रागमपेट गांव के पास खाने के तेल की फैक्ट्री है। ये हादसा गुरुवार सुबह करीब सात बजे हुआ है। शुरुआती जानकारी में पता चला है कि मृतक पेड्डापुरम मंडल के पडेरू और पुलीमेरु के टैंकर में घुसे। परिजनों ने लगाए आरोप मजदूरों की मौत के बाद उनके परिवार में मातम पसर गया है। परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि फैक्ट्री की तरफ से कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए थे। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

कांग्रेस ने आर्टिकल 356 का किया दुरुपयोग, 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिराया'', राज्यसभा में बोले पीएम मोदी

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए विपक्ष को करारा जवाब कहा कि कांग्रेस ने 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिरा दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने आर्टिकल 356 का उपयोग 90 बार किया। उन्होंने कहा, 'एक प्रधानमंत्री ने परिवार ने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए थे। जब वो गड्ढे खोद रहे थे, 6 दशक बर्बाद कर चुके थे, तब दुनिया के छोटे-छोटे देश भी सफलता के शिखरों को छू रहे थे

दिया। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर सवाल करते हुए कहा कि उसने सबसे अधिक बार आर्टिकल 356 का दुरुपयोग किया है। पीएम मोदी ने कहा कि इतिहास उठा कर देख लिजिए कि वे कौन सी पार्टी थी, जिन्होंने आर्टिकल 356 का सबसे ज्यादा दुरुपयोग किया। कांग्रेस ने 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिरायाः पीएम मोदी पीएम मोदी ने आर्टिकल 356 का 50 बार उपयोग किया, उनका नाम है श्रीमती इंदिरा गांधी।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बार-बार देश नकार रही है, लेकिन कांग्रेस और उसके साथी अपनी साजिशों से बाज़ नहीं आ रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जनता इसे देख रही है और उनको हर मौके पर सजा भी दे रही है। पीएम मोदी ने कहा कि 60 साल कांग्रेस के पीएम मोदी का कांग्रेस से सवाल पीएम ने राज्यसभा में कहा कि कोई भी जब सरकार में आता है वह देश के लिए कुछ वादा करके आता है लेकिन सिर्फ भावनाएं व्यक्त करने से बात नहीं बनती है। उन्होंने कहा कि विकास की गति क्या है, विकास की नीव, दिशा, प्रयास और परिणाम क्या है यह बहुत माएने रखता है।

सीएम योगी को संबोधित करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि जैसे आज पूरी दुनिया के लिए भारत आशा का केंद्र बन गया है

(आधुनिक समाचार सेवा)

लखनऊ। सीएम योगी को संबोधित करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि जैसे आज पूरी दुनिया के लिए भारत आशा का केंद्र बन गया है. वैसे ही आज नए भारत के लिए यूपी आशा का केंद्र बन गया है. नोएडा से गोरखपुर तक लोगों में जोश दिख रहा है. अंबानी ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर की बात हो या इंफ्रा की बात हो,ईज ऑफ डूइंग की बात हो, यूपी ने बहुत विकास किया है. इसी दौरान रिलायंस चेयरमैन ने ऐलान किया है कि इसी साल के अंत तक यूपी के सभी जिलों में 5जी सर्विस शुरू हो जाएगी.मुकेश अंबानी ने कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट विकास का महाकुंभ है. लखनऊ लक्ष्मण की नगरी है. यूपी पुण्यभूमि है, भगवान रामचंद्र की भूमि है. गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम की भूमि है. अंबानी ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि जब से आप पीएम बने हैं, देश ने बहुत विकास किया है.।। ग्लोबल इंवेस्टर समिट उद्घाटन सत्र को सबसे पहले रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी संबोधित करेंगे. इसके बाद आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखर बोलेंगे.डिक्शन टेक्नोलॉजी के चेयरमैन सुनील वधानी और ज़्यूरिख एयरपोर्ट एरिया के सीईओ डेनियल भी अपनी बात रखेंगे. सभी उद्योगपतियों को तीन-तीन मिनट का समय दिया गया है. उद्योगपतियों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन होगा. फिर राजनाथ सिंह बोलेंगे और अंत में पीएम मोदी संबोधित करेंगे.।

सड़क पर पड़े युवक के शव को बचाने के चक्कर में टेम्पो पलटी

शादी में शामिल होने जा रहे सात घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। नैनी कोतवाली अंतर्गत चाका ब्लाक के समीप रीवा राजमार्ग पर बुधवार रात 11 बजे सड़क दुर्घटना एक युवक की मौत हो गई। मृतक की लाश सड़क पर पड़ी ही थी कि एक विक्रम आ गई। सड़क पर पड़े मृत युवक के बचाने के प्रयास में विक्रम अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसमे सवार दंपती समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। नैनी पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। दुर्घटना में घायल सभी लोग एक वैवाहिक निमंत्रण में शामिल होने जसरा जा रहे थे। उधर से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद चौकी इंचार्ज उपेंद्र कुमार, एसआई अमित कुमार को लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को तत्काल सीएचसी भेजा।

नैनी में नारियल पानी विक्रेता की हत्या पुलिस ने दोस्त को लिया हिरासत में

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। नैनी कोतवाली क्षेत्र में पाठक मार्केट के एडीए कालोनी में नारियल पानी विक्रेता की बीती रात हत्या हो गई। सुबह पता चलने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद मृतक के पार्टनर को हिरासत में ले लिया है। उसके मुंह और नाक से खून निकल रहा था। रात में वह अपने साथी के साथ दारू पिया था।आशंका है कि दारू पीने के बाद ही घटना हुई है। पुलिस का कहना है कि युवक पर कोई चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।यूपी के बरेली जिले के वार्ड नंबर 2 मोहल्ला शेखान, टाउन एरिया, शेरगढ़ निवासी मोहम्मद शारिफ खान पुत्र मो. कय्यूम खान प्रयागराज के नैनी एडीए कालोनी में रहता था। 15 दिन पहले वह पाठक मार्केट, एडीए कालोनी में चौकी पर अपने दोस्त मो. शान के साथ नारियल पानी बेचने का काम करता था। दिन में नारियल पानी बेचते दोनों और रात में उसी चौकी पर सो जाते थे।

प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में आयोजित ''उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआईएस) 2023 कार्यक्रम का कलेक्टेट्रट स्थित संगम सभागार में किया गया सजीव प्रसारण

(आधुनिक समाचार सेवा)

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के तारतम्य में जनपद में ''जिला स्तरीय निवेश कुंभ'' कार्यक्रम का किया गया आयोजन जनपद में प्राप्त 53021.30 करोड रूपये के निवेश प्रस्ताव से 66000 से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होने की सम्भावना मा0 जनप्रतिनिधिगणों द्वारा सभी उद्यमियों/निवेशकों को उनके स्तर से अपेक्षित सहयोग किए जाने का दिया गया आश्वासन उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित रूप से किया जायेगा समाधान-मण्डलायुक्त सभी निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाये जाने हेतु उद्यमियों को हर सम्भव सहायता, सुविधा, सहयोग प्रदान किया जायेगा-जिलाधिकारी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के तारतम्य में शुक्रवार को कलेक्टेट्रट स्थित संगम सभागार में ''जिला स्तरीय निवेश कुंभ'' का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के 25 करोड से कम के लगभग 140 निवेशक, जनपद के लब्ध प्रतिष्ठित उद्यमी, जनपद के समस्त औद्योगिक संगठनों के अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधि तथा विश्वविद्यालयों के स्नातक/परास्नातक अन्तिम वर्ष के 20 छात्र/छात्राओं सहित लगभग 200 की संख्या में लोग उपस्थित रहे। जनपद में कुल रू0 53021.30 करोड का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ जिससे 66000 से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है। कार्यक्रम के दौरान श्री हैदर रजा, सहायक प्रबन्धक द्वारा उद्यम सारथी ऐप एवं निवेश सारथी एवं निवेश मित्र (सिंगल विण्डो पोर्टल) वेबसाइट पर प्रस्तुतीकरण/जानकारी प्रदान की गयी। निवेश मित्र से सम्बन्धित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष से उद्यमियों का परिचय कराया गया। प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में आयोजित ''उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआईएस) 2023'' उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया, जिसका सजीव प्रसारण संगम सभागार में किया गया। माननीय विधायक श्री वाचस्पति, श्री गुरू प्रसाद मौर्या, श्री प्रवीण पटेल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी उद्यमियों/निवेशकों को उनके स्तर से जो भी सहयोग अपेक्षित हो उसे दिये जाने हेतु आश्वस्त किया गया। मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत द्वारा जनपद में प्राप्त निवेश के प्रस्तावों पर उद्यमियों का आभार प्रकट करते हुये आश्वस्त किया गया कि जनपद स्तर पर निस्तारण योग्य समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से किया जायेगा तथा जो समस्याये शासन स्तर की होगी उसे शासन स्तर से निस्तारित कराये जाने का भरोसा दिलाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में प्राप्त सभी इण्टेण्ट को धरातल पर लाये जाने हेतु उद्यमियों की अपेक्षानुसार हर सम्भव सहायता, सुविधा, सहयोग प्रदान किया जायेगा। औद्योगिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाने वाले उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुये जिलाधिकारी ने उन्हे पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डी0सी0पी0 सिटी श्री संतोष कुमार, जिला विकास अधिकारी, पी0डी0 डी0आर0डी0ए0 तथा प्रमुख उद्यमी श्री विनय टण्डन, श्री राजीव नैयर, श्री जी0एस0 दरबारी, श्री आशीष केसरवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री लालजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

संगम सभागार में जुटे उद्योगपति

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए संगम सभागार में उद्योगपति जुट गए हैं। लखनऊ में चल रही समिट का जिले में सजीव प्रसारण किया जा रहा है। संगम सभागार में बारा विधायक वाचस्पति, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की मौजूदगी में कार्यक्रम संचालित हो रहा है। इस इन्वेस्टर्स समिट में प्रयागराज में 53 हजार करोड़ का निवेश होने जा रहा है। 51 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने वाले 120 उद्योगपति लखनऊ के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हैं, जबकि 158 उद्योगपति जो 1112 करोड़ का निवेश करेंगे, प्रयागराज से कार्यक्रम देखेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इस निवेश से जिले में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा।

जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम राष्ट्रीय मानवाधिकार क्राइम कंट्रोल ब्यूरो प्रयागराज जिला अध्यक्ष महिला विंग टीम द्वारा मिंटू पार्क मलिन बस्ती कीडगंज प्रयागराज में किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)

यागराज।जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम राष्ट्रीय मानवाधिकार क्राइम कंट्रोल ब्यूरो कार्यक्रम की मुख्य प्रवक्ता मनोवैज्ञानिक डॉक्टर ईशान्य राज जी ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर महिलाओं बच्चों व पुरुषों को अनेकों जानकारियां दी, उन्होंने बताया की बस्ती के बड़े बूढ़े बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत मानसिक परेशानी इसके लक्षण संबंधित इलाज दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं जिला स्तर पर दी जा रही सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्रयागराज के डॉ राजेश कुमार नोडल अधिकारी एनसीडी सेल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । श्वेता साहू जिला अध्यक्षा और उनकी टीम जिला सलाहकार नीता भारद्वाज वह एक्टिव मेंबर पूनम सिंह जी ने मानव के अधिकारों के बारे लोगों को जागरूक किया और बताया। यह कार्यक्रम बहुत ही सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

खाली पड़े टेंटो/शिविरों/पंडालों की निगरानी/सुरक्षा अब ड्रोन के माध्यम से

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।माघ मेला संगम प्रयागराज के 05 प्रमुख स्नान पर्व के सकुशल एवं निर्विघ्नं संपन्न होने के बाद माघ मेला प्रयागराज अब पूर्णतः समापन की ओर अग्रसर है माघ मास में एक माह का कल्पवास समाप्त हो चुका है सभी साधु-संत-कल्पवासी अपने अपने गंतव्य को वापस जा चुके हैं माघ मेला क्षेत्र में खाली पड़े टेंटो/शिविरों/पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र छ्इए के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना नहीं होने देंगे। साथ ही डॉ मिश्र के द्वारा थाना कल्पवासी,प्रयागवाल,झूसी, खाकचौक,प्राचीनगंगा जो पूर्णतः साधु-संतों कल्पवासियों से खाली हो चुका है ।

आपूर्ति दफ्तर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में पाया काबू

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। के हंडिया मे आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय में संदिग्ध हालात में आग लगने से वहां रखी कुछ फाइलें तथा आवेदन फार्म जलकर राख हो गए त् सूचना पर पहुंचे अग्नि शमन द्वारा पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। हंडिया तहसील में मौजूद आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय में संदिग्ध हालात में आग लग गई। दफ्तर के अंदर से धुआं निकलते देख मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने दफ्तर का दरवाजा खोला तो धुआं देखकर हड़कंप मच गया। कर्मचारियों द्वारा आग लगने की सूचना पर तत्काल हंडिया फायर स्टेशन को दिए किया गया त् जिसके बाद सूचना पर पहुंचे अग्नि शमन कर्मियों द्वारा पानी फेंक कर आग पर काबू पाया गया। सप्लाई इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा रात में बाहर की खिड़की का शीशा तोड़कर आग लगाई गई है। जिससे अंदर रखी कुछ फाइल तथा आवेदन के तमाम फार्म जल कर राख हो गए। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है, आग कैसे लगी इसकी जांच भी कराई जा रही है।

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत 03 व्यक्तियों 1.विराज सिंह पुत्र सुभाषचन्द्र सिंह निवासी महुवारी थाना औ0 क्षेत्र प्रयागराज, 2.सौरभ पुत्र प्यारेलाल निवासी महुवारी थाना औ0 क्षेत्र प्रयागराज व 3.आदित्य उर्फ साजन भारतीया पुत्र सुरेश कुमार भारतीया निवासी ग्राम पतेवरा थाना औ0 क्षेत्र प्रयागराज को अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्तगणः-** 1.विराज सिंह पुत्र सुभाषचन्द्र सिंह निवासी महुवारी थाना औ0 क्षेत्र प्रयागराज, उम्र 25 वर्ष 2. सौरभ पुत्र प्यारेलाल निवासी महुवारी थाना औ0 क्षेत्र प्रयागराज, उम्र 19 वर्ष 3. आदित्य उर्फ साजन भारतीया पुत्र सुरेश कुमार भारतीया निवासी ग्राम पतेवरा थाना औ0 क्षेत्र प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 कमलेश कुमार गिरि थाना औद्योगिक क्षेत्र 2. उ0नि0 राहुल कुमार सिहं थाना औद्योगिक क्षेत्र 3. का0 बालकृष्ण थाना औद्योगिक क्षेत्र।

प्रकारांतर से बीएचयू प्रशासन ने मानी अनियमितता, पांच शोध छात्रों का किया नामांकन निरस्त

(आधुनिक समाचार सेवा)

वाराणसी। खुले मन से तो नहीं पर बिना कोई कारण बताए बीएचयू प्रशासन ने पांच शोध छात्रों का नामांकन निरस्त कर दिया है। प्रकारांतर से विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी प्रवेश में लग रहे अनियमितता के आरोपों को स्वीकार कर लिया है। उनके स्थान पर पांच नए आरइटी श्रेणी के छात्रों को प्रवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। इसे अपनी जीत मानते हुए अनियमितता का आरोप लगा आंदोलन करने वाले छात्रों ने अब इसके लिए दोषी अधिकारियों, प्राध्यापकों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उधर, छात्रों के नामांकन निरस्तीकरण की सूचना पाने के बाद कार्रवाई के विरोध में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समक्ष शोध छात्रों का धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धरना दे रहे चार छात्रों की हालत बिगड़ गई, उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बीएचयू प्रशासन की इस कार्रवाई से सात माह से प्रवेश लेकर कक्षाएं कर रहे शोध छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। अभी तक केवल फोन से मौखिक सूचना ही मिली थी कि गुरुवार को चौथे दिन धरना दे रहे छात्रों को पांच छात्रों के नामांकन निरस्तीकरण की लिखित सूचना भी हिंदी विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर से मेल पर आ गई। इससे धरना दे रहे छात्रों में आक्रोश और क्षोभ बढ़ गया।धरना दे रहे छात्रों ने बताया कि उनके प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करते हुए परीक्षा नियंत्रक ने स्वीकार किया कि इस परिवर्तित परिणाम में छात्रों की ओर से कोई गलती नहीं हुई है। जो परिवर्तित परिणाम कुलपति के आदेश पर जारी हुआ है उसमें भी भारी गड़बड़ी है। 291 अंक पाकर दो छात्राओं को अनारक्षित वर्ग में रखा गया है, वहीं 296 अंक पाकर एक छात्रा को ईडब्ल्यूएस कोटे के अंतर्गत रखा गया है। छात्र इस मनमाने निरस्तीकरण और परिवर्तित वरीयता सूची में सामने आई इस बड़ी गड़बड़ी का लगातार विरोध करते हुए धरनास्थल पर बैठे हुए हैं।पीएचडी प्रवेश सत्र जुलाई 2022 में काउंसिलिंग के बीच से ही छात्र काउंसिलिंग समिति के समन्वयक पर लगातार अनियमितता के आरोप लगाते रहे हैं। इसे लेकर अनेक बार आंदोलन किए, तब जाकर कुलपति के आदेश पर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने दिसंबर माह में अपनी रिपोर्ट दे दी। आंदोलनकारी छात्रों के लगातार दबाव को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पांच छात्रों का नामांकन तो निरस्त कर दिया लेकिन अब लोगों की दृष्टि दोषी अधिकारियों, प्राध्यापकों पर कार्रवाई की ओर लगी है।

इन्वेस्टर मीट जनता के साथ धोखाः अखिलेश ने साधा भाजपा पर निशाना, बोले- गंगा सफाई के नाम पर पानी में बह गया पैसा

(आधुनिक समाचार सेवा)

वाराणसी। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि इन्वेस्टर मीट के नाम पर भाजपा जनता को धोखा दे रही है। इन्वेस्टर समिट को जनता की आंखों में आंखों में धूल झोंकने जैसा है। कहा कि यदि बनारस के लोग भी टाई व सूट पहन कर चले जाएं तो बीजेपी वाले आपसे भी एमओयू साइन करवा लेंगे। बलिया और गाजीपुर में कार्यक्रम के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार शाम वाराणसी पहुंचे। इस दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पिछले इन्वेस्टर मीट हुए तमाम एमओयू अब तक अब तक जमीन पर नहीं उतर सके। डिफेंस एक्सपो में प्रधानमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति आए थे, उसका क्या आउटपुट निकला। उन्होंने कहा कि जब पहले भी कोई इन्वेस्टर मीट यूपी में कुछ नहीं आया, तो अब कैसे आएगा। कहा कि सरकार इनवेस्टरों को सुविधा नहीं देगी, तब तक एमओयू से कोई फायदा मिलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि गंगा सफाई के नाम पर पैसा पानी में बह गया। नमामि गंगा में बताओ क्या गंगा मां साफ हुई। उन्होंने कहा कि जिस लोक भवन में मुख्यमंत्री बैठ रहे हैं, वह सपा सरकार ने बनवाया और नेताजी ने उद्घाटन किया था। वहीं भाजपा ने अपने नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा लगा दी। मुख्यमंत्री को पता नहीं नो बाल और क्रिकेट पिच कितने यार्ड उन्होंने कहा कि जिस स्टेडियम में शपथ ली

मुख्यमंत्री ने, उन्हें पता नहीं कि क्रिकेट मैच में नो बाल क्या होती है, स्टंप कितने लगाए जाते हैं, पिच कितने यार्ड की होती है। सपा की देन है, जिसकी वजह से आपने मैच देखा। राम की लड़ाई पांच हजार साल पुरानी रामचरित मानस पर विवादित बयान देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्या पर अखिलेश यादव कहा कि यह लड़ाई पांच हजार साल पुरानी है। रामचरित मानस पर बहस बहुत लंबे समय से चल रही है और ये चलती ही रहेगी।पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक स्वर्गीय प्रदीप बजाज को श्रद्धांजलि देने भेलूपुर के जवाहर नगर कालोनी स्थित उनके आवास गए। इस साथ ही परिजनों को सांत्वना दिया। बाबतपुर एयरपोर्ट से सपा प्रमुख सीधे छावनी स्थित होटल रमाडा पहुंचे। यहां कुछ देर आराम करने के बाद संकट मोचन मंदिर जाकर दर्शन-पूजन भी किया। रात्रि विश्राम करने के बाद दस फरवरी सुबह साढ़े 10 बजे अखिलेश यादव काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगे। सारनाथ में वैवाहिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। दोपहर बाद एयरपोर्ट रवाना हो जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शाम करीब 5.40 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे। सपा प्रमुख के स्वागत में सपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी। इस कारण थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। कुछ कार्यकर्ता गाड़ी के पास पहुंचने के चक्कर में गिर पड़े। बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं को देखते उन्हें अपना काफिला रोकना पड़ा। स्वागत करने वालों में निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा,पूर्व मंत्री मनोज राय धुपचंडी, किशन दीक्षित गणेश यादव, आनंद मोहन गुड्डू, बीपी सिंह, ओपी सिंह, शोभनाथ यादव, मनोज यादव गोलू सहित अन्य लोग शामिल थे।

अनुमति मिली तो खत्म हो गई बैंक गारंटी, कैसे हो कैंसर का सटीक उपचार अभी लग सकते हैं 6 माह

(आधुनिक समाचार सेवा)

गोरखपुर। एम्स प्रबंधन की लापरवाही से कैंसर रोगियों को सटीक उपचार नहीं मिल पा रहा है। स्विट्जरलैंड में खरीदी गई ड्यूल

इनर्जी की रेडियोथेरेपी मशीन की बैंक गारंटी समाप्त हो गई है। इस वजह से कंपनी उसे नहीं भेज रही है। पुनः बैंक गारंटी बनवाकर भेजने और मशीन आने में लगभग छह माह का समय लग सकता है। पहले रेडिएशन सेफ्टी आफिसर की नियुक्ति न होने से मशीन नहीं आ पाई थी, अब नियुक्ति हो गई तो बैंक गारंटी बाधा बन गई है। यह मशीन 2019 में ही एम्स का निर्माण करा रही संस्था हाईट्स ने खरीद ली थी। उसी समय बैंक गारंटी बनी थी, लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण इसे मंगाने का प्रयास नहीं हुआ। छह माह बाद ही बैंक गारंटी समाप्त हो गई, लेकिन हाईट्स ने पुनः बैंक गारंटी इसलिए नहीं बनवाई कि एम्स प्रशासन की लापरवाही से रेडिएशन सेफ्टी आफिसर की नियुक्ति नहीं हुई थी, बिना नियुक्ति हुए अनुमति नहीं मिलती और बैंक गारंटी पुनः समाप्त हो जाती। अब रेडिएशन सेफ्टी आफिसर की नियुक्ति हो जाने के बाद एटामिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड, मुंबई ने मशीन मंगाने की अनुमति प्रदान कर दी है, लेकिन बैंक गारंटी समाप्त होने से मामला लटक गया है। कैंसर रोगियों को इस मशीन का लाभ दो साल पहले मिल सकता था, लेकिन एम्स की उदासीनता से अभी छह माह तक मिलने की उम्मीद नहीं है। 18 करोड़ रुपये की यह मशीन जिले में केवल हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल में है। एम्स पहला सरकारी अस्पताल होगा, जहां यह मशीन लगाई जाएगी। इसी के साथ ब्रेकी थेरेपी मशीन भी खरीदी गई है। वह भी स्विट्जरलैंड में ही पड़ी हुई।ड्यूल एनर्जी की रेडियोथेरेपी मशीन से ठीक जगह पर प्रभावित अंग की सेंकाई की जा सकेगी, प्रभावित अंग के अगल-बगल रेडिएशन का प्रभाव नहीं होगा। रोगियों के उपचार का खर्च बहुत कम पड़ेगा। ब्रेकीथेरेपी मशीन से स्तन व ओरल कैंसर से प्रभावित अंगों की सेंकाई हो सकेगी।

प्रॉमिस डे पर वन अधिकारी वर्षा ने वन्य जीवो की ली सुरक्षा की शपथ

(आधुनिक समाचार सेवा) प्रयागराज। प्रॉमिस डे पर वन अधिकारी वर्षा ने वन्य जीवो की ली सुरक्षा की शपथआज प्रॉमिस डे के दिन फारेस्ट रेंज अधिकारी वर्षा ने अपने सभी वन्यकर्मियों सहित आज वन्य जीवो की सुरक्षा की शपथ ली आज इनको देखकर लगता है की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान् सफल हो गया।

आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश का यह गांव

(आधुनिक समाचार सेवा)

आजमगढ़। एक बार तो विश्वास करना मुश्किल है कि यह पूर्वांचल का कोई गांव है। किसी बड़े 'शहर' की सुंदरता और सुविधाओं को मात देता है ब्लाक तरवां का रासेपुर गांव। आधुनिक सुविधाओं से लैस ग्राम पंचायत भवन, शिक्षा-स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था है तो सजे-संवरे तालाब में बोटिंग भी कर सकते हैं। गेस्ट हाउस, धर्मशाला, ओपन जिम वाला खूबसूरत गार्डेन, हाट-बाजार के साथ चमचमाती सड़कें, घरों से निकलने वाले गंदे पानी के प्रबंधन की व्यवस्था हैरान कर देगी। यही कारण है कि दर्जनों गांवों के लोग परिवार के साथ इस गांव में सैर करने आते हैं और जाते हैं फिर आने के वादे के साथ। यह संभव हुआ है पूर्व ग्राम प्रधान अंजू सिंह के सपनों और कोशिशों के

कारण। वर्तमान ग्राम प्रधान महेश कुमार इस शानदार पहल को जी-जान से आगे बढ़ाने में जुटे हैं। आइये आपको ले चलते हैं इस अनोखे गांव की सैर पर। 12 बीघा में सजे-संवरे पार्क के बीच स्थित तालाब आपको यहां ठहरने और सेल्फी लेने पर बाध्य करता है। पार्क के घास की ऐसी बारीक कटाई कि सर्दियों में भी नंगे पांव चलने का सुख कोई छोड़ना नहीं चाहेगा। छोटे-बड़े दस हजार से अधिक पौधों में ढाई हजार झुरमुटदार (मौलश्री) पौधे चिड़ियों के बसेरा हैं। सुबह इनकी चहचहाहट आपको रोज आने पर मजबूर कर देगी। नवग्रह वाटिका में लोग जरूर पहुंचते हैं। यहां पलास, दूब, अपामार्ग, पीपल, खैर, मदार, गूलर इत्यादि के पेड़-पौधों को देखते एवं उसकी खासियत जान रोमांचित होते हैं। पार्क में एक किनारे जिम के कई उपकरण लगे हैं। बच्चे, बड़ों की तो यहां लाइन लगी रहती है। पार्क में घूमने के दौरान अधिकांश लोग यहां पहुंचकर ठहर जाते हैं। रासेपुर में सैकड़ों वर्ष पुराना मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है, जिसकी साज-सज्जा देखते बनती है। दर्शनार्थियों के लिए यहां एक रूम और 20 मीटर चौड़ा, 50 मीटर लंबा हाल है। होटल जैसी गेस्टहाउस की सुविधा भी मिलेगी। इन सुविधाओं के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता। आठ हजार की आबादी वाले गांव में कंक्रीट, इंटरलाकिंग और खड़ंजा की औसतन 20 किलोमीटर सड़कें गांव की साख बढ़ाती हैं। सामुदायिक शौचालय, प्राइमरी स्कूल की व्यवस्थाएं व्यवस्थित विकास को दर्शाती हैं। ग्राम पंचायत भवन पुराना है, लेकिन निवास प्रणामपत्र, कुटुंब रजिस्टर यहां उपलब्ध हो जाता है। हाट बाजार पूरी करेगा जरूरतें पार्क के बगल में ही हाट बाजार बना है। यहां लोगों को जरूरत के सामान मिलेंगे। मसलन, ताजी सब्जियां, खाद्य सामग्री इत्यादि। ग्राम पंचायत प्रशासन ने इससे अपने निधि से बनवाया है। सैकड़ों लोगों की भीड़ से उम्मीदों को पंख रासेपर के पार्क में रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग परिवार के साथ पहुंच रहे हैं।

सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर

❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
➢ डेटा इंट्री आपरेटर
➢ फायर सेफ्टी
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
➢ इलेक्ट्रीशियन
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं
➢ इलेक्टिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर

Apply Online: www.nainitti.com | Mail us at – info@nainitti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

फीस के लिए मासूम को दंडित करने के मामले में प्रबंधक प्रधानाचार्य व शिक्षिका पर एफ आई आर दर्ज

(आधुनिक समाचार सेवा)

रसड़ा (बलिया)। नगर के मिशन रोड जुगनू हास्पिटल के समीप स्थित दिल्ली पब्लिक सिटी स्कूल में बकाया फीस नहीं ले जाने पर शिक्षिका द्वारा चार घंटे तक छह वर्षीय मासूम छात्र अयाज अख्तर को खड़ा करने पर तबियत बिगड़ने के मामले में कोतवाली पुलिस ने छात्र की माता रहिमा खातून की तहरीर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रद्युम्न वर्मा, प्रधानाचार्य सत्येंद्र पाल तथा शिक्षिका अफ्साना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोप है कि चार घंटे तक दोनों हाथ ऊपर कराकर बच्चे को खड़ा कर दिए जाने से उसका हाथ व पैर काम करना बंद कर दिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद विद्यालय में खलबली मची है।

दहेज की मांग को लेकर गर्भवती महिला को पीटकर घर से निकाला, पेट में पल रहे बच्चे की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के एकला में एक गर्भवती को दहेज के लिए ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पिटाई के

कारण उसके पेट में पल रहे बच्चे की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुरुवार को जेठ, पति समेत छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी सुमन साहनी की शादी 25 अप्रैल 2021 को गीडा थाना क्षेत्र के एकला निवासी जामवंत निषाद के साथ हुई थी। पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि शादी के मांग के अनुसार पिता ने ससुराल वालों को सभी सामान दिया था। इसके बाद भी ससुराल के लोग और मांग करते हुए उसका उत्पीड़न कर रहे थे। बताया कि 17 जनवरी 2022 को सुसराल के लोगों ने मारपीट घर से भगा दिया। चोट अधिक लगने पर पिता ने जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत बताया। महिला ने आरोप लगाया कि उसके जेठ ने एक बार दुष्कर्म की कोशिश की थी। शोर मचाने पर लोगों ने बचाया था। थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि तहरीर पर पति जामवंत, जेठ विजय, अंगद, झिन्नू, महेतिया, लाला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

हाथ पीला करने की आस में पथरा गई परिजनों की आंखें

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। सूबे की भाजपा सरकार निरन्तर प्रयासरत है कि कोई भी गरीब की लड़की धनाभाव के कारण शादी से वंचित न होने पाये। इसी

लिये प्राइमा फेसि युद्धस्तर पर मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें तकरीबन सरकार द्वारा एक जोड़ों पर 50,000 के करीब धनराशि खर्च की जाती है। इससे सरकार के इस जन मंगलकारी योजनाओं से आम जनमानस में खुशी ज़मीनी स्तर पर दिखाई दे रही है। परन्तु इस खुशी में कहीं न कहीं कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी राहु केतु की भूमिका में विघ्न डालने के एक सूत्रीय काम को अंजाम दे रहे हैं। फिल्मों में आपने अक्सर देखा होगा कि किसी लड़की के हाथ पीला होने से रोकने के लिए विलन या हीरो उसकी लाइफ में इंट्री करता है और शादी रोकने के लिए तरह तरह के हतकण्डे अपनाता है। ऐसा ही कुछ पटकथा लिखी जा रही है जनपद सोनभद्र के कोन ब्लॉक के गांव कचनर्वा टोला में। एक एनजीओ सोल्ड एसोसिएशन फ़ॉर सोशल वेलफेयर की जानिब से एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी सोनभद्र को दिया गया है। शिकायती पत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली शिकायत की गई है। गांव की ही कुछ लड़कियों के परिजनों ने अभाव के चलते लड़कियों के हाथ पीले करने के लिए सामुहिक विवाह कार्यक्रम हेतु आवेदन किया था। परन्तु ग्राम सचिव अजय सिंह की करतूतों के चलते गरीबों की बेटियों को उसने अपात्र घोषित कर दिया। किसी की परवाह न करते हुए सचिव अजय सिंह ने अपनी जांच रिपोर्ट में बिन ब्याही क्वारी लड़कियों को बेहद शातिर ढंग से शादी शुदा घोषित कर दिया। निर्लज्जता और बेहयाई की इंतेहा इससे बेहतर समाज में और क्या हो सकती है। जहाँ महंगाई की मार से त्रस्त गरीब परिजन अपनी बेटियों के हाथ पिला करने के लिए हर दर पर अपनी पगड़ी झुका रहे हैं। वहीं एक सचिव अपनी करतूतों से गरीब बेटियों के लाचार बाप की पगड़ियां उछाल रहा है। आखिर सचिव को शर्मनाक कारनामें को अंजाम देने की खुली छूट किसने दे रखी है। सचिव के अमानवीय मनमानी के चलते गरीब बच्चियों के हाथ पीले होने से पहले ही काले पड़ गए। एक सचिव जिसे सिस्टम ने कर्मपथ पर सही और उचित जांच की ज़िम्मेदारी निष्पक्षता के साथ निभाने के लिए दी थी। उसी सचिव ने कर्तव्यपथ से विमुख हो कर गरीब परिवार की कुँवारी लड़कियों पर अपनी जांच में इतने गंभीर आरोप लगाकर उसे कहीं का नहीं छोड़ा। माला कुमारी, ऊषा कुमारी, मीना कुमारी, सावित्री एवं दुर्गावती को ग्राम कचनर्वा के सचिव अजय सिंह ने अपनी जांच में शादीशुदा घोषित कर दिया। सचिव की जांच रिपोर्ट सामने आने पर गरीब लड़कियों का नाम लाभर्थियों की श्रेणी से कट गया। वहीं इनकी इज़्ज़त भी इस जांच रिपोर्ट के सामने आने से चली गई। सचिव की जांच रिपोर्ट के बाद गांव में तरह तरह की अब बातें शुरू हो गई हैं। गांव वाले एवं परिजन जिन लड़कियों को अभी तक अविवाहित मानकर चल रहे थे। ग्रामीण सचिव द्वारा विवाहित घोषित किये जाने पर तरह तरह की बातें कर रहे हैं। आखिर किस आधार पर गरीब की बच्चियों को सचिव ने विवाहित बता दिया। पहली बार जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाने और शिकायत करने पर सचिव ने दो लोगों को अविवाहित घोषित कर योजना में शामिल कर दिया। परन्तु तकरीबन 6 कुँवारी लड़कियों को पुनः जांच में विवाहित घोषित कर उनका जीवन अंधकारमय बना दिया। बिना पुख्ता सबूत के सचिव किसी भी अविवाहित को मनमाने तरीके से विवाहित बनाते रहेंगे तो गरीब बच्चियों के हाथ पीले होने से पहले ही काले हो जाएंगे। अफवाहों के चलते क्या समाज ऐसी लड़कियों को सही से जीने देगा, या ताना मार मारकर उनका जीवन नरक बना देगा। सचिव की इस असंवेदनशील करतूत पर एनजीओ ने अदालत का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है। ताकि भविष्य में फिर कोई सचिव किसी गरीब की पगड़ी सरे बाज़ार न उछाल सके। सचिव की जांच रिपोर्ट के बाद उक्त लड़कियों के शादी के लिए होने वाले रिश्तों में और भी दिक्कत पेश आयेगी। सचिव की इन करतूतों के चलते गांव में रोष व्याप्त है। वहीं एनजीओ ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर सचिव अजय सिंह के विरुद्ध कारवाई हेतु जिलाधिकारी से मांग की है। आखिर अपनी जांच में किस आधार पर अविवाहितों को विवाहित बताकर गरीबों की इज़्ज़त की भजिया बना रहे हैं सचिव महोदय। जहाँ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ससम्मान प्राथमिकता के आधार पर गरीब बच्चियों का विवाह युद्धस्तर पर करा रहे हैं। वहीं योगी सरकार के इस लोकलुभावन परोपकारिता से ओतप्रोत कामों की बखिया उधेड़ने की छूट इस निष्ठुर सचिव को किसने दी।

मिल्लत नगर बैरियर की जांच में पहुंचे एसडीएम क्षेत्राधिकारी व ईओ

(आधुनिक समाचार सेवा)

ओबरा। ओबरा नगर पंचायत के अंतर्गत मिल्लत नगर में लगे बैरियर का मामला पिछले करीब 4 महीनो से चलता आ रहा है जिस पर अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु के शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी श्री शहदेव मिश्रा जी ने एक कमेटी बनाई थीं। 22 दिसंबर 2022 को बनाकर जिसमें 4 लोगों जांच करने के लिए रखा गया था जिसमें 10 फरवरी 2023 को मौके पर ओबरा के उप जिलाधिकारी श्री राजेश सिंह, ओबरा के क्षेत्राधिकारी श्री शंकर प्रसाद ओबरा के अधिशासी अधिकारी श्री महेंद्र सिंह सभी लोग ने अपनी जांच की। इस संबंध में एसडीएम से वार्ता में उन्होंने कहा की जांच हो चुकी है जिसकी रिपोर्ट अगले दो दिनों में तलब होगी। वही दूसरी तरफ न्याय की लड़ाई लड़ रहे अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु और भारत पाइप के ओनर रोमी

मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु के शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी श्री शहदेव मिश्रा जी ने एक कमेटी बनाई थीं। 22 दिसंबर 2022 को बनाकर जिसमें 4 लोगों जांच करने के लिए रखा गया था जिसमें 10 फरवरी 2023 को मौके पर ओबरा के उप जिलाधिकारी श्री राजेश सिंह, ओबरा के क्षेत्राधिकारी श्री शंकर प्रसाद ओबरा के अधिशासी अधिकारी श्री महेंद्र सिंह सभी लोग ने अपनी जांच की। इस संबंध में एसडीएम से वार्ता में उन्होंने कहा खान, सभासद प्रतिनिधि जाकिर अली, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच महताब आलम, जिला महासचिव राधेश्याम भारती ,जिला उपाध्यक्ष पंचायत मंच शिवदत्त दुबे ,मूलनिवासी इमरान खान , युवा मंच अपना दल एस श्री दिनेश केसरी,नोख लाल यादव, बाबू यादव, खालिद, केदारनाथ यादव, मजदूर-अनवर खान, रविंद्र नाथ मिश्रा, अशरफ, मुस्लिम, राजेंद्र, सेक्टर अध्यक्ष अपना देश विकास कुमार गौड़ आदि कॉलोनी के लोग उपस्थित रहे।

रेलवे के डबल ट्रैक से जुड़ेगा रामनगर मल्टीमॉडल बंदरगाह, तीन जिलों से गुजरेगी 8 किमी लंबी रेल लाइन

(आधुनिक समाचार सेवा)

मीरजापुर। रामनगर मल्टीमॉडल टर्मिनल बंदरगाह आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यहां प्रस्तावित व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग

प्राधिकरण (भाअजप्र) ने 18 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। यह टर्मिनल जल्द ही उत्तर-मध्य रेललाइन के डबल ट्रैक से जुड़ जाएगा।जिवनाथपुर स्टेशन से बंदरगाह तक बिछाई जाने वाली आठ किलोमीटर लंबी रेललाइन पूर्वांचल के तीन जिलों से होकर गुजरेगी। इसमें वाराणसी के जाल्हूपुर, टेंगरा, चंदौली के ताहिरपुर, हमीरपुर, पटनवा और मिर्जापुर के बरईपुर व गोरखपुर गांव शामिल हैं। भाअजप्रा वाराणसी के निदेशक राकेश कुमार के मुताबिक जिवनाथपुर रेल स्टेशन से रामनगर मल्टीमॉडल टर्मिनल तक रेलवे लाइन बिछाने संबंधी कार्य का सर्वे हो चुका है।जल्दी ही रेल लाइन बिछाने का शुरू होगा कामरेललाइन बिछाने के लिए मार्कर पत्थर गाड़े जा चुके हैं। बताया कि जल्दी ही रेललाइन बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा। जिवनाथपुर रेललाइन जुड़ने के बाद दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से चलने वाली मालगाड़ी जीवनाथपुर होते हुए सीधे मल्टीमॉडल टर्मिनल तक पहुंचेगी। मालगाड़ी से कंटेनर में भरे माल आसानी से बंदरगाह तक पहुंच सकेगा। बंदरगाह के पास होगा फ्रेट विलेजव्यावसायिक गतिविधियां तेज करने के लिए बंदरगाह के पास फ्रेट विलेज बनेगा। यहां माल स्टोरेज, सैंपलिंग और पैकिंग की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। फ्रेट विलेज व्यावसायिक गतिविधियों और प्रबंधन में सहयोग करेगा। इससे माल ढुलाई समेत अन्य व्यावसायिक गतिविधियां एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।वाराणसी व झारखंड के साहेबगंगज में टर्मिनल विकास भाअजप्रा के अधिकारियों के मुताबिक वाराणसी और झारखंड के साहेबगंज में मल्टीमॉडल टर्मिनल का विकास पीपीपी मॉडल पर होगा। इसके लिए शुक्रवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में निवेश प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अधिकारियों के मुताबिक बंदरगाह से पेशेवर लॉजिस्टिक्स उद्योग के विकास को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

हत्या के दोषियों को 10 -10 वर्ष की कैद

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। साढ़े 15 वर्ष पूर्व हुए शिव हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सोनभद्र राहुल मिश्रा की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी अनिल कुमार व गुड्डू को 10-10 वर्ष की कैद एवं 12 - 12 हजार रूपये अर्थदंड की सजा

सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक - एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के भवानी कटारिया गांव निवासी पिंटू बियार पुत्र शिव बियार ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 8 जून 2007 को शाम साढ़े चार बजे उसके पिता घर से उत्तर तरफ नाले की ओर गए थे कि ज्यों ही नाले के पास पहुंचे वहां पर उसके चाचा का लड़का अनिल कुमार पुत्र शंकर व उसका दोस्त गुड्डू बियार पुत्र जगदीश निवासी मुडीसेमर थाना विंधमगंज जो अपने हाथ में डंडा व पत्थर लिए थे उसके पिता शिव को मारने लगे। जब पिताजी बचाओ कहकर चिल्लाने लगे तो आवाज सुनकर उसकी मां व बहन बचाने के लिए दौड़ी तो उन्हें भी गाली देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। इसके बाद पिताजी को मारकर दोनों जंगल की ओर भाग गए। मां, बहन और अन्य लोगों की मदद से पिताजी को अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर अनिल कुमार व गुड्डू के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी अनिल कुमार व गुड्डू को 10 -10 वर्ष की कैद एवं 12 - 12 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक - एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने बहस की।

प्रदेश में आयोजित ''उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के दृष्टिगत जनपद की सुरक्षा यातायात व्यवस्था रहेगी

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। स्मार्ट पुलिसिंग सहित सुरक्षा/यातायात व्यवस्था हेतु किए गए हैं व्यापक पुलिस प्रबंध प्रभावी फूट पेट्रोलिंग एवं हाई-वे पेट्रोलिंग कर जनपद के एंट्री प्वाइंटों व मुख्य स्थानों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की की जा

रही सघन चेकिंग समस्त राजपत्रित अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ होटलों, धर्मशाला, माल, धार्मिक स्थलों, रेलवे/बस स्टेशनों पर की जा रही लगातार चेकिंग सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर की जा रही सतत निगरानी कानून/शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध की जाएगी सख्त वैधानिक कार्यवाही प्रदेश में आयोजित ठउत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023ठ के वृहद कार्यक्रम दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए यातायात/सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा भारी पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग एवं हाई-वे पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जा रही है। जनपद के सभी एंट्री प्वाइंटों व प्रमुख स्थानों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद के सभी होटलों, धार्मिक स्थलों, माल, राजकीय प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों पर लगातार प्रभावी चेकिंग करते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर लगातार सतत निगरानी की जा रही है। धार्मिक/राजनैतिक उन्माद फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आयोजित कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, विदेशी निवेशकों व आमजन की सुरक्षा/यातायात व्यवस्था हेतु सोनभद्र पुलिस व प्रशासन प्रतिबद्ध है।

इमानदारी का भाषण देने वाले प्रदूषण विभाग के अधिकारी कि खुली पोल

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। ठेकेदार द्वारा पांच पांच सौ रुपये के नोट गिनकर प्रदूषण अधिकारी टी0 एन0 सिंह को देते वीडियो हुआ वायरल। अपने राबर्ट्सगंज ऑफिस में बैठकर किसी काम को मैनेज करने के एवज में घुस लेते वीडियो में हुए कैद प्रदूषण अधिकारी। वीडियो वायरल होने के बाद जिले में मंचा हड़कम्प। घुस देने वाला व्यक्ति वीडियो में पूर्व के दो प्रदूषण अधिकारी के नाम भी बता रहा है। उन दोनों अधिकारी से भी देन लेन का सम्बंध बता रहा है।व्यक्ति ने प्रदूषण अधिकारी से कितने रुपये देने है पूछा। प्रदूषण अधिकारी ने मोबाइल पर 25 टाइप कर व्यक्ति को दिखा रहे है। फिर व्यक्ति ने पांच पांच सौ के नोट गिनकर प्रदूषण अधिकारी की तरफ बढ़ाया।

अमन पब्लिक स्कूल सीतापुर मे धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

(आधुनिक समाचार सेवा)

सीतापुर। सीतापुर के खैराबाद ब्लाक के ग्राम नेवादा परसेहराकला में अमन पब्लिक स्कूल का

वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें स्कूल के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियों के द्वारा बच्चों ने सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य संदीप मिश्रा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा आधुनिक समाचार ब्यूरो चीफ आशीष त्रिवेदी, बजरंग दल नगर संयोजक सूरज राजपूत आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे । प्रधानाचार्य अजय राजपूत ने बताया कि अमन पब्लिक स्कूल का लक्ष्य घर-घर तक पहुंचाना है इस कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का प्रबंधक के पिताजी मोहनलाल कोटेदार एवं वरिष्ठ अध्यापक अर्पित श्रीवास्तव ने माला बनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

अलग अलग सड़क हादसे में दो मित्र समेत तीन युवकों की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। सोनभद्र मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर और शाम को अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई और कार सवार



साधू घायल हो गया। क्षेत्र के ददरा पहाड़ी के पास दोपहर में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। लूसा गांव के पास कार और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। कार सवार साधू घायल हो गया। अलग-अलग हादसे में तीन लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ददरा गांव निवासी मुन्ना उर्फ चंद्रदीप (28) पुत्र राजकुमार स्कूटी से मड़िहान की तरफ से ददरा अपने गांव आ रहे थे। वह ददरा पहाड़ी अन्नपूर्णा ढाबा के पास पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार चंद्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को सीएचसी ले गई। वहां भी डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह तीन भाई था। एक भाई की पिछले वर्ष सड़क हादसे में मौत हो गई थी। चंद्रदीप खेती करता था। उसे एक पुत्र है। मौत से पत्नी और बच्चे का रो-रोकर हाल बेहाल है। पहली घटना के घंटे भर बाद शाम को थाना क्षेत्र के ही लूसा के पास कार और बाइक की टक्कर हो गई। क्षेत्र के धनसिरिया गांव के अमहवा बस्ती निवासी अक्षय (20) पुत्र स्व. राजेश्वर सिंह अपने साथी कन्हईपुर बस्ती निवासी रंजीत (20) पुत्र चंद्र प्रकाश बाइक से राजगढ़ की ओर जा रहे थे। लूसा के पास पहुंचे थे कि प्रयागराज जा रहे कार सवार से टक्कर हो गई। कार में साधू सवार थे। जो सोनभद्र से प्रयागराज जा रहे थे। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक और कार सवार एक साधू श्रीधराचार्य (42) घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टर ने रंजीत को मृत घोषित कर दोनों घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। मंडलीय अस्पताल पहुंचने पर अक्षय को भी डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राणा प्रताप ने बताया की अज्ञात वाहन के टक्कर से स्कूटी सवार और कार बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हुई है।राजगढ़। सड़क हादसे में दो बाइक सवार की मौत होने पर परिवार में कोहराम मच गया है। इसमें रंजीत इकलौता पुत्र था। उसका मित्र अक्षय दो भइयों में छाटा है। अस्पताल पहुंची अक्षय की मां का रो-रोकर हाल बेहाल है। पति की पहले ही मौत हो गई है। पुत्र की मौत से मां रो-रोकर बेसुध हो जा रही थी। यही हाल रंजीत के परिवार का भी है। इकलौते जवान पुत्र को खोने वाले दोनों युवकों के परिवार में कोहराम मचा है।

एसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी, किया गया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाया गया ड्रिल पुलिस लाईन चुर्क के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गए दिशा-निर्देश-डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस लाईन चुर्क, परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया । निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई । निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0 -112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण / सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी । तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क के परिवहन शाखा, स्टोर एवं पुलिस बैरकों व आवासों का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत और साफ-सफाई आदि के संबंध में क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार एवं प्रतिसार निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

रवींद्र जडेजा ने हाथ में जो क्रीम लगाई, उसका हुआ खुलासा, टीम इंडिया ने मैच रेफरी को दी जानकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नागपुर टेस्ट के पहले दिन एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में दिखा कि

रवींद्र जडेजा ने मोहम्मद सिराज के हाथ से क्रीम लेकर ऊंगली पर लगाई। भारतीय टीम प्रबंधन ने आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को इस संबंध में सफाई दी है। भारत ने बताया कि रवींद्र जडेजा ने गेंदबाजी करने वाले हाथ में पेन-रिलीफ क्रीम लगाई है। यह घटना तब की है जब ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। जडेजा ने इनमें से मार्नस लाबुशेन (49), स्टीव स्मिथ (37) और मैट रेनशॉ को अपना शिकार बनाया था। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक नागपुर में पहले दिन के खेल के बाद जडेजा, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टीम मैनेजर को वायरल हुई वीडियो क्लिप दिखाई गई।रिपोर्ट के मुताबिक पायक्राफ्ट भारतीय टीम को घटना की जानकारी देना चाहते थे और जडेजा पर इस विवाद में कोई जुर्माना नहीं लगाया गया। यह भी जानकारी मिली है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने वीडियो पर आपत्ति जताते हुए इस बॉल टेंपरिंग करार दिया था। मगर भारतीय टीम प्रबंधन ने इस पर सफाई देते मामला शांत कर दिया है। रवींद्र जडेजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दमदार वापसी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में पांच विकेट लिए और भारतीय टीम को ड्राइविंग सीट पर ला खड़ा किया है।जडेजा ने मार्नस लाबुशेन (49), स्टीव स्मिथ (37), मैट रेनशॉ, पीटर हैंड्सकोंब (31) और टॉड मर्फी को अपना शिकार बनाया। जडेजा को अनुभवी रविचंद्रन अश्विन का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने तीन विकेट झटके। भारतीय स्पिनर्स के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए और पूरी टीम पहली पारी में 63.5 ओवर में 177 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की और वह विशाल बढ़त बनाकर मुकाबला जल्द ही अपने पक्ष में करना चाहेगी।

महिला आईपीएल 2023 के साझेदारी अधिकार को लेकर बीसीसीआई ने किया ट्वीट कोटेशन के आवेदन को लेकर जारी की घोषणा

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। आईपीएल के सफल होने के बाद बीसीसीआइ ने साल टीमें शामिल है। बता दें कि बीसीसीआई ने एक ट्वीट शेयर कर महिला प्रीमियर लीग के लिए लिए टीमों की नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में होगी, जिसमें कुल 90 खिलाड़ियों पर पैसों की बौछार

2023 में पहली बार महिला आईपीएल 2023 के लिए मंजूरी दी है। हाल ही में बीसीसीआई ने एक ट्वीट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इस लीग की साझेदारी अधिकार के आवेदन की घोषणा की है बता दें कि महिला आईपीएल में कुल 5 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स, लखनऊ वॉरियर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की पार्टनरशिप राइट्स के लिए कोटेशन जारी किया है।दरअसल, महिला आईपीएल 2023 को लेकर बीसीसीआई ने हाल ही में एक ट्वीट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने विमेंस आईपीएल की साझेदारी अधिकार के आवेदन की घोषणा की। उनका यह ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है विमेंस आईपीएल 2023 के पहले संस्करण के लिए खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी। इस लीग के होगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, हर टीम को ऑक्शन पर्स में 12 करोड़ रुपए मिलेंगे।पहले सीजन के लिए बीसीसीआई ने 13 फरवरी को नीलामी की डेट का ऐलान किया है हर फ्रेंचाइजी अपनी टीम में कम से कम 15 से 18 खिलाड़ी खरीद सकती है। इनमें 7 खिलाड़ी विदेशी हो सकते है। प्लेइंग-11 में 5 विदेशी खिलाड़ी खेल सकेंगे, जिनमें एक एसोसिएट देश से होना जरूरी है।

भारत में कब, कहां और कैसे देखें लाइव प्रसारण व स्ट्रीमिंग

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 का आगाज आज दक्षिण अफ्रीका में होगा। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला ग्रुप ए की टीमें दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका महिला के बीच केप टाउन में खेला जाएगा। यह साल महिला टी20 वर्ल्ड कप का आठवां संस्करण होगा। इस साल महिला टी20 वर्ल्ड कप में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ऑस्ट्रेलिया महिला, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को ग्रुप ए में रखा गया है। वहीं इंग्लैंड महिला, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज को ग्रुप-बी में रखा गया है।आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 में कुल 23 मैच खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन हैं। बता दें कि पहले लीग चरण के मुकाबले खेले जाएंगे और दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फिर नॉकआउट मुकाबले 23 और 24 फरवरी को क्रमशः न्यूलैंड्स व केप टाउन में खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 26 फरवरी को खेला जाएगा। आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 के मैचों का लाइव प्रसारण भारत में आप स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकेंगे। इन मुकाबलों की लाइव स्ट्रीमिंग आप डिजनी प्लस हॉटस्टार ऐप पर देख सकते हैं।

लंबे समय के बाद सपना हुआ पूरा, टेस्ट डेब्यू के बाद केएस भरत ने मां को लगाया गले

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। कोना श्रीकर भरत ने भारतीय टीम के लिए अपना टेस्ट डेब्यू किया। केएस भरत को इशान किशन पर तरजीह मिली और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में वह प्लेइंग 11 का हिस्सा बने। 29 साल के भरत को अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने टेस्ट डेब्यू कैप सौंपी। वीसीए स्टेडियम पर केएस भरत के अलावा सूर्यकुमार यादव ने भारत के लिए डेब्यू किया। केएस भरत लंबे समय से भारतीय टीम में शामिल रहे, लेकिन अब जाकर उनके डेब्यू का सपना साकार हुआ। केएस भरत की मां नागपुर में डेब्यू सेरेमनी के समय उपस्थित थीं। आंध्र प्रदेश के विकेटकीपर बल्लेबाज ने डेब्यू कैप हासिल करने के बाद अपनी मां को गले लगाया। यह मां के लिए बेहद भावुक वाला पल था, जिनके बेटे ने अपने बचपन के सपने को पूरा किया। जब भरत ने अपनी मां को गले लगाया तो फोटोग्राफर्स ने इस पल को कैमरे में कैद करने में जरा भी देरी नहीं की और कुछ ही पल में यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बता दें कि केएस भरत को अधिकांश समय इंतजार करना पड़ा क्योंकि ऋषभ पंत ने विकेटकीपर बल्लेबाज की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा रखी थी। पंत ने भारत के लिए कई मैच विजयी पारियां खेली, जिसके चलते केएस भरत बेंच गर्म करते रहे। पंत के बाहर होने के बाद केएस भरत को डेब्यू का मौका मिला। ऋषभ पंत गंभीर कार एक्सीडेंट के कारण क्रिकेट एक्शन से दूर हैं। फैंस के लिए खुशी की बात यह है कि पंत रिकवर हो रहे हैं। तब तक फैंस को उम्मीद है कि केएस भरत उनकी कमी नहीं खलने देंगे और अपने प्रदर्शन से टीम में नई जान भरेंगे। केएस भरत ने टेस्ट के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। आंध्र प्रदेश के 29 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज का फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड बेहद प्रभावी है। उन्होंने 86 फर्स्ट क्लास मैचों में 9 शतक और 27 अर्धशतकों की मदद से 4707 रन बनाए। उनकी औसत 37.95 की रही। वो इस दौरान तिहरा शतक जमा चुके हैं। भरत ने 64 लिस्ट ए मैचों में 6 शतक और 6 अर्धशतकों की मदद से 1950 रन बनाए। वहीं 67 टी20 मैचों में भरत ने 5 अर्धशतकों की मदद से 1116 रन बनाए।

भारत ने बांग्लादेश को 52 रनों से चटाई धूल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। महिला टी-20 विश्व कप 2023 का आगाज 10 फरवरी से हो है। इस टूर्नामेंट से पहले भारतीय महिला टीम और बांग्लादेश के बीच बुधवार यानी 8 फरवरी को अभ्यास मैच खेला गया। इस मैच में भारत ने बांग्लादेश को 52 विश्व कप के लिए अपनी एक मजबूत पकड़ बना ली है। बता दें कि मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए पॉवर प्ले में ही 35 रन पर अपने 3 विकेट गंवा चुकी थई, इसके बाद ऋषा घोष ने भारत की पारी को

रनों से मात दी। बता दें कि भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश टीम 8 विकेट के नुकसान पर 131 रन ही बना पाई। इस मैच में ऋषा घोष की विस्फोटक अर्धशतक के चलते गेंदबाजों के होश उड़ दिए।दरअसल, भारतीय महिला टीम और बांग्लादेश महिला टीम के बीच 8 फरवरी को खेले गए वॉर्म-अप मैच में टीम इंडिया को 52 रनों से जीत मिली। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने टी-20 संभाला और 56 गेंदों पर नाबाद 91 रनों की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 162.50 का रहा। ऋषा के अलावा जमेमा रोड्रिग्ज ने 27 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली। वहीं, पूजा वस्त्रकार ने अंत में 4 गेंद पर दो छक्कों से नाबाद 13 रन बनाए और भारत ने 5 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाया।184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की तरफ से मुर्शिदा खातून (32) और शमीमा सुल्ताना (15) रनों की पारी खेली। बांग्लादेश टीम की तरफ से कप्तान निगार सुल्ताना ने 36 गेंदों पर 40 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 1 छक्का शामिल रहा।

मोहम्मद रिजवान ने खुद को कराया था टीम से बाहर, पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज का बड़ा खुलासा

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ड्रॉप ने कहा कि उन्होंने ही न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम मैनेजमैंट से कहा था कि वह उन्हें प्लेइंग-11 से ड्रॉप करे और सरफराज अहमद को मौका दिया के बाद बेंच पर नहीं बैठ सकते हैं'' मैंने कोच और कप्तान से खुद कहा कि आप मुझे ड्रॉप कर सकते हो क्योंकि मैंने परफॉर्म नहीं किया है। दो खिलाड़ी हैं जो इस बात के गवाह

किया गया था। बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ रिजवान पूरी तरह फ्लॉप रहे थ उनकी जगह टीम मैनेजमैंट ने सरफराज अहमद को मौका मिला था, लेकिन अब रिजवान ने इस बात का खुलासा किया है कि उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खुद को टीम से बाहर करने की बात कहने के साथ सरफराज अहमद को मौका देने का सुझाव दिया था।दरअसल, पाकिस्तान टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने हाल ही मेंक चौंकाने वाला खुलासा किया है। रिजवान जाए। ''आप हेड कोच सकलैन मुश्ताक से पूछ सकते हैं कि मैंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद क्या कहा था। मैं काफी खुश था कि सरफराज अहमद ने न्यूजीलैंड सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया और यही चीज में चाहता था। मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगता है कि मैं परफॉर्म नहीं कर पा रहा था और अगली सीरीज में मेरी जगह नहीं बनती है। कुछ खिलाड़ियों का कहना है कि हर एक खिलाड़ी इस फेज से गुजरता है और आप कुछ मैचों में फेल होने हैं। सरफराज डोमेस्टिक में परफॉर्म कर रहे हैं और इसी वजह से उन्हें मौका मिलना चाहिए था। इसी वजह से सरफराज को अच्छा करते देखकर मैं काफी खुश थाबता दें कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने लंबे समय बाद टीम में वापसी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 4 पारियां खेलते हुए 83.75 के औसत से 335 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और 3 अर्धशतक देखने को मिले।

राशिफल





मेष-: आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

वृष-: आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

मिथुन-: आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

कर्क-: आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

सिंह-: आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

कन्या-: आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

तुला-: आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

वृश्चिक-: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

धनु-: आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

मकर-: आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

कुंभ-: आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

मीन-: आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।



सूर्या-भरत ने एक साथ डेब्यू कर रचा इतिहास, तोड़ दिया 71 साल पुराना यह अनोखा रिकॉर्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के पहला टेस्ट नागपुर में खेला जा रहा है। पहले दिन के खेल खत्म होने तक भारतीय टीम का स्कोर 77/1 रहा। बता दें कि इस मैच में भारतीय टीम की तरफ से दो खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ने 177 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट के नुकसान पर 77 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया टीम 100 रनों से आगे चल रही है। इस मैच में टीम इंडिया के दो खिलाड़ियों को टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला, जिनमें

डेब्यू किया, जिसमें सूर्यकुमार यादव और केएस भरत शामिल है। दरअसल, भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 71 साल बाद किसी टेस्ट में 29 साल से ज्यादा की उम्र के दो खिलाड़ियों को एक टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहली पारी में सूर्यकुमार यादव और केएस भरत का नाम शामिल है। बता दें कि भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 71 साल बाद 29 साल से ज्यादा की उम्र के दो खिलाड़ियों को एक ही टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला है। केएस भरत ने टेस्ट के पहले दिन इस मौके को भुनाते हुए शानदार स्टंपिंग का नजारा पेश किया।

टीम इंडिया के फैंस का बढ़ सकता है इंतजार, जसप्रीत बुमराह की हेल्थ पर आई बड़ी अपडेट

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट

से बाहर हो सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से नागपुर में पहला टेस्ट शुरू हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जसप्रीत बुमराह को पहले दो टेस्ट के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था क्योंकि वो अपनी पीठ की समस्या से उबरने में लगे हुए हैं। वह बेंगलुरु के एनसीए में रिहैब कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि बुमराह ने एनसीए नेट्स पर गेंदबाजी शुरू कर दी है और अगर सब ठीक रहा तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट में वापसी करेंगे।द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम प्रबंधन बुमराह को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है क्योंकि इस साल वनडे वर्ल्ड कप भी होना है। इसलिए बुमराह को चोट से ठीक होने के लिए पूरा समय दिया जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में बुमराह का चयन होगा या नहीं, इसका फैसला अगले सप्ताह लिया जाएगा। बता दें कि भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज 17 से 22 मार्च के बीच खेली जाएगी। द टेलीग्राफ ने सूत्रों के हवाले से कहा, 'बुमराह पिछले कुछ दिनों से एनसीए में गेंदबाजी सत्र कर रहे हैं और अच्छा कर रहे हैं। उन्हें कोई जकड़न महसूस नहीं हो रही है जो कि उनके लिए सबसे बड़ी चीज है।' रिपोर्ट में बताया गया कि 29 साल के बुमराह ने एनसीए में सफेद गेंद से गेंदबाजी की, जिससे संकेत मिला कि वो टेस्ट सीरीज के बजाय वनडे सीरीज में वापसी कर सकते हैं।याद दिला दें कि भारतीय तेज गेंदबाज ने सितंबर 2022 के बाद से भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है।

सम्पादकीय

विखंडन के मुहाने पर पाकिस्तान, अंग्रेजों के बनाए अस्वाभाविक से देश के खुल रहे जोड़

पाकिस्तान आर्थिक संकट से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ की कठोर शर्तों से बचने की भरपूर कोशिश कर रहा है, लेकिन उसे और कोई उपाय नजर नहीं आ रहा है। खबर है कि आइएमएफ ने पाकिस्तान को सैन्य व्यय घटाने को भी कहा है। डालर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया 275 के करीब पहुंच गया है। उसके खजाने में मात्र तीन बिलियन डालर हैं। आइएमएफ की शर्तों के प्रभाव से पाकिस्तान में बिजली, गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बहुत बढ़ जाएंगी। हाल में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने अल अरबिया चैनल को दिए इंटरव्यू में माना था कि भारत से तीन-तीन युद्ध लड़कर पाकिस्तान को सिवा गरीबी, बेरोजगारी के कुछ नहीं मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से गंभीर बात करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन कुछ ही देर बाद पलटकर इमरान खान की तरह अनुच्छेद 370 की बहाली का राग अलापने लगे। पाकिस्तान ने 1947 में तय किया कि उसका लक्ष्य हिंदुओं से मुक्ति, मजहबी विस्तार और कश्मीर है। हिंदुओं को प्रताड़ना, हत्या, अपहरण, देश निकाले से गुजरना पड़ा। पाकिस्तान की समझ से उसकी हिंदू-समस्या निपट गई और कश्मीर समस्या अभी शेष है। हाल में हुआ राजौरी का नरसंहार प्रमाण है कि पाकिस्तान का कश्मीर एजेंडा बदस्तूर चल रहा है। प्रश्न यह है कि हमने आजादी के बाद पाकिस्तान समस्या के समाधान के लिए क्या किया? निःसंदेह देश का विभाजन एक मजबूरी के तहत हुआ, लेकिन आखिर अंग्रेजों के प्रस्थान के बाद कौन सी मजबूरी बनी रही? कश्मीर युद्ध का उपयोग कर इस विभाजन को निष्प्रभावी करने का प्रयास तो हो सकता था। सरहदी गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान ने पख्तूनों के लिए एक अलग विकल्प पख्तूनिस्तान पर रेफरेंडम की मांग की थी, लेकिन माउंटबेटन की भाषा बोल रहे प्रधानमंत्री नेहरू ने इसे अस्वीकार कर दिया। अलग फ्रंटियर राज्य पख्तूनिस्तान की आधारशिला बन सकता था। तब खान अब्दुल गफ्फार खान के मेहसूद, अफरीदी, वजीर, यूसुफजई कबीलों के लश्कर कश्मीर पर आक्रमण करने क्यों आते? अफगानिस्तान और पख्तूनिस्तान तो भारत की सीमा को स्पर्श कर रहे मित्र देश होते। बलूचिस्तान पहले से ही एक आजाद देश था। 1अप्रैल 1948 को जब पाकिस्तान ने सेनाएं भेज कर उस पर कब्जा किया तो हमें पूरी तरह से बलोचों का साथ देना चाहिए था। उन दिनों तो पाकिस्तान से युद्ध भी चल भी रहा था। पूर्वी पाकिस्तान 1948 में पूरी तरह हमारे हाथ में था। यदि हम रणनीतिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत के लिए बड़ी आसानी से 1947-48 में पाकिस्तान समस्या का समाधान करने का अवसर था। हमारी सेना पाकिस्तान से दो गुना बड़ी थी, विश्वयुद्ध के अनुभवी जनरल थे, लेकिन रणनीतियों में अहिंसा के प्रवेश ने हमें विचारविहीन देश बना कर रख छोड़ा था। अगर आजाद फ्रंटियर सीमांत राज्य, आजाद बलूचिस्तान, पाकमुक्त कश्मीर, पाकमुक्त बंगाल परिदृश्य पर आ गए होते तो शेष पाकिस्तान के पास अपना जिहादी एजेंडा भूल कर भारत पर निर्भर सहयोगी देश बने रहने के अतिरिक्त कोई विकल्प ही न होता, लेकिन हम तो आदर्शवाद के लक्ष्यविहीन वायुयान के यात्री थे। पख्तूनिस्तान और बलूचिस्तान के आजाद होते ही पाकिस्तान उसी समय अपने विरोधाभासों के बोझ से ही ध्वस्त हो जाता, लेकिन तत्कालीन नेताओं ने समस्या का समाधान राष्ट्रहित की रणनीति में नहीं, मजहबी तुष्टीकरण में देखा। इस तुष्टीकरण ने यहां एक सशक्त पाकिस्तान लाबी खड़ी कर दी। पाकिस्तान ने जब 22 अक्टूबर 1947 के दिन कश्मीर जिहाद को प्रथम लक्ष्य बनाया, तब हमारा सामना नीतिगत विरोधाभासों से हुआ। गांधीवादियों के अनुसार विश्व में हमारा कोई शत्रु नहीं था और सैनिकों की जरूरत नहीं थी। गांधीवादी नीतियों के परिप्रेक्ष्य में भारत की राजनीतिक अवधारणा ही स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। परिणामस्वरूप जो स्थान राष्ट्रीय शक्ति को मिलना था, वह तुष्टीकरण की नीति को मिला। यही तुष्टीकरण पाकिस्तान ही नहीं आगे चीन के प्रति नेहरू की नीतियों में भी प्रकट होता है। कश्मीर पर युद्धविराम नेहरू की इसी तुष्टीकरण की नीति का परिणाम था। जो कश्मीर पाकिस्तान के कब्जे में चला गया था।

जनपद में 100 निवेशकों द्वारा 11061 करोड़ रूपये के प्रस्ताव प्राप्त हुये,निवेशक हुए सम्मानित

प्रतापगढ़। दिनांक 10 फरवरी से 12 फरवरी तक चलने वाले उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का शुभारम्भ बटन दबाकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ में किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य मंत्रीगण के उद्बोधन का सजीव प्रसारण सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल नेतृत्व में देश व उत्तर प्रदेश बदल रहा है। उन्होंने उद्यमियों एवं व्यापारियों से कहा कि जनपद में निर्भीक होकर इन्वेस्टमेन्ट करें, सरकार और जिले के अधिकारी सदैव आपके साथ खड़े रहेगें। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा भय रहित और सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित किया गया है जिससे जनपद में आगे बढ़ रहा है, जिन देशों में विज्ञान और तकनीकी शिक्षा दी जाती है वह देश निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर होता है, दुनिया के सभी देशों में वह अग्रणी रहता है। उन्होने कहा कि जो भी उद्यमी उद्योग लगाये उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ आगे बढ़ाये तो उद्योग भी बढ़ेगा और उद्यमी भी आगे बढ़ेगें तथा लोगों को नये नये कार्यक्रम में जनपद में निवेश कर रहे 07 निवेशकों क्रमशः ऑवला फूड प्रोडक्ट में 50 करोड़ रूपये की धनराशि निवेश करने वाले मो0 अनाम, फ्लोर मिल में 2 करोड़ रूपये का निवेश करने वाले शुभम अग्रवाल, ऑवला उत्पाद में 50 लाख रूपये का निवेश करने वाले अभिषेक मणि त्रिपाठी, फर्नीचर उद्योग में 1 करोड़ का

गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, अधिकारीगण, उद्यमी, व्यापारी, जनसामान्य द्वारा तुलसीसदन (हादीहाल) में देखा गया।इसी क्रम में उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अवसर पर तुलसी सदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ एवं स्थानीय ओडीओपी उत्पादों एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने उद्यमियों एवं जनमानस को सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश एक उत्तम प्रदेश बन रहा है और उसी विश्वास के तहत हमारा प्रतापगढ़ भी बदल रहा है। माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के अधिक से अधिक निवेश किया जा रहा है और रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे है। दूसरे प्रदेशों में प्रतापगढ़ की जो चर्चाये, इमेज और भाव बढ़ा है उसका श्रेय जनपद के अधिकारियों को जाता है। उन्होने कहा कि प्रतापगढ़ में जहां पहले भय का माहौल था व्यापारी जनपद में व्यवसाय न करके दूसरे प्रदेश चले जाते थे मगर आज वह विश्वास व्यापारियों में जागा है और व्यापारी उत्तर प्रदेश व प्रतापगढ़ में इन्वेस्टमेन्ट करने के लिये तैयार है, दूसरे प्रदेशों से बड़े बड़े उद्योगपति ट्रैक्टर फैक्ट्री में इन्वेस्टमेन्ट करने जा रहा है इसका पूरा श्रेय जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को है। उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा जनपद में इन्वेस्टमेन्ट करने का विश्वास जागा है। अच्छी सोच के तहत अगर कोई काम करता है तो सफलता जरूर मिलती है। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने सम्बोधित करते हुये कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश उद्योग एवं तकनीकी शिक्षा की ओर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें। जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण में निवेशकों को निवेश करने में सुविधा हो रही है और जनपद में तरक्की के रास्ते खुल रहे है। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि जो भी उद्यमी जनपद में उद्योग लगाना चाहते है उनका शासन एवं प्रशासन सहयोग करें, जिससे उद्योगपति जनपद में अपना निवेश खुलकर कर सके। उन्होने कहा कि निवेश कुम्भ के माध्यम से जनपद में निवेश और रोजगार के अवसर अधिक से अधिक उपलब्ध होगें और आंवला उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर जिले के सर्वश्रेष्ठ उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। जनपद में निवेश करने हेतु 100 निवेशकों द्वारा रूपये 11061 करोड़ के एम0ओ0यू0 पर साइन किये गये है, रूपये 25 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले निवेशकों द्वारा उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 लखनऊ में प्रतिभाग किया जा रहा है। जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ निवेश करने वाले रवि प्रताप सिंह, मसरूम उत्पाद में 2 करोड़ का निवेश करने वाले आशीष कुमार जायसवाल, फूड प्रोडक्ट में 2 करोड़ का निवेश करने वाले वीरेन्द्र पाण्डेय व दोना पत्तल उद्योग में 50 लाख रूपये का निवेश करने वाले रोशन लाल ऊमरवैश्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्थानीय ओडीओपी उत्पादों एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी तुलसीसदन परिसर लगायी गयी जिसका अवलोकन अधिकारियो एवं जनसामान्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मोहम्मद अनीस ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया, जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक डा0 रघुराज सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित उद्यमी एवं व्यापारी व जनसामान्य उपस्थित रहे।

21वीं सदी के भारत की यातायात को ध्यान में रखकर सुविधाओं का विकास किया जा रहा है पीएम मोदी

गोरखपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस में आयोजित एक समारोह में मुम्बई से सोलापुर एवं मुम्बई से साईं नगर शिरडी के लिये दो वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। उन्होंने राष्ट्र को सांताक्रुज-चेम्बुर लिंक रोड एवं कुरार अण्डर पास सड़क परियोजनाओं को समर्पित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में रेलवे के लिये आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है।विशेषकर महाराष्ट्र के लिए दो वंदे भारत ट्रेनों का शुभारम्भ किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इन वंदे भारत से देश के आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र मुम्बई एवं पुणे का आस्था के केन्द्रों से जुड़ाव हो रहा है।इससे विद्यार्थियों, कार्यालय एवं व्यापार

कार्य तथा तीर्थयात्रा एवं कृषि कार्य से जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी।वंदे भारत ट्रेन से शिरडी, नासिक,त्रयंम्बकेश्वर एवं पंचवटी जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी इससे क्षेत्र में पर्यटन एवं तीर्थस्थानों को बढ़ावा मिलेगा।पंढ़रपुर,सोलापुर, अक्कलकोट एवं तुलजापुर जाने वाले तीर्थयात्रियों को भी काफी सुविधा होगी।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आधुनिक भारत की एक तस्वीर है। इससे भारत के तेज विकास की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि अभी तक 10 वन्दे भारत एक्सप्रेस गाड़ियों से 17 राज्यों के 108 जिले जुड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री ने आज लांच की गई परियोजनाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इनसे लोगों का जीवन काफी आसान होगा। उन्होंने कहा कि एलीवेटेड सड़क मार्ग से पूर्वी एवं पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्र जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जिससे नागरिकों का जीवन सुगम हो। इन गाड़ियों के संचलन, मेट्रो, नये एयरपोर्ट, बन्दरगाह के विस्तार का उद्देश्य भी यही है। उन्होंने कहा कि देश में आधारभूत संरचना के विकास हेतु इस वर्ष के बजट में 10 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है, जिसमें रेलवे की साझेदारी 2.5 लाख करोड़ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में रेल के विकास हेतु धन आवंटन में अप्रत्याशित वृद्धि की गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डबल इंजन की सरकार से महाराष्ट्र में कनेक्टिविटी का तेजी से विकास होगा। पीएम मोदी ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है।वेतनभोगी व व्यापारिक वर्ग को काफी राहत दी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस बजट से 'सबका विकास, सबका प्रयास' को बल मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल महाराष्ट्र श्री भगत सिंह कोश्यारी, मुख्य मंत्री महाराष्ट्र एकनाथ शिन्दे, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उप मुख्य मुख्यमंत्री महाराष्ट्र देवेन्द्र फणनवीस,भारत सरकार के मंत्री नरायण राणे, भारत सरकार के राज्य मंत्री रामदास अठावले व कपिल मोरेश्वर पाटिल तथा महाराष्ट्र सरकार के मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री द्वारा मुम्बई-सोलापुर वंदेभारत एवं मुम्बई-साईंनगर शिरडी वंदेभारत गाड़ियों के शुभारम्भ से नये भारत के लिये बेहतर, दक्ष, यात्री मित्रवत ट्रांसपोर्ट सुविधा के 'प्रधानमंत्री के विजन' की पूर्ति हुई है। मुम्बई-सोलापुर वंदेभारत देश की नौवीं वंदेभारत ट्रेन है। विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त इस गाड़ी के संचलन से मुम्बई और सोलापुर के बीच कनेक्टिविटी तेज होगी और मुम्बई से सोलापुर में सिद्धेश्वर,अक्कलकोट, तुलजापुर, पंढरपुर और पुणे के पास अलन्दी के लिये तेज और बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।इस आशय की जानकारी पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी गोरखपुर ने दी है।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह जी से दोबारा जीने की हिम्मत मिली प्रियांशु को

विगत कुछ वर्षों में देश भर के युवाओं की पसंद बन चुके एक ऐसी शख्सियत जिन्होंने आज अपने अलग अंदाज से अपनी गायकी, हिंदी भाषा में अपनी पकड़ और शब्द शैली के उचित संयोजन से अपने उदघोषण , अभिनय में दस्तक देकर चारित्रिक अभिनेता के रूप में अपनी अलग पहचान के साथ साथ कंपेयर ,वक्ता ,वार्ताकार जर्नलिस्ट, लेखक ,कवि और समाज सेवक और अब मोटिवेशनल स्पीकर की बहुमुखी प्रतिभा के माध्यम से हर दिन कुछ नया करके जनता के हृदय में अमिट छाप छोड़ने वाले प्रियांशु श्रीवास्तव का अब तक का सफर जितना उपलब्धियों से भरा हुआ और सफल दिखता है उसके पीछे एक कांटों से भरे मार्ग पर चलकर दर्द और पीड़ा की संघर्ष भरी कहानी को आज हमारे संवाददाता के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से आप सबके बीच प्रस्तुत किया गया है प्रश्नः आज आप सफल है या अभी भी खुद को स्ट्रगलर ही मानते हैं। उत्तरः हर मेहनत करने वाला इंसान स्ट्रगलर होता है और मैं मेहनत करना चाहता हूं मैं अपने कर्म के प्रति अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से काम करते हुए जीवन के अंतिम पड़ाव तक स्ट्रगल करूंगा, सफल होना या असफल होना एक परिणाम है जिसे मैं सोचता नहीं। **प्रश्नः हाल में ही आपने कई राष्ट्रीय सम्मान और विभिन्न पुरस्कार अर्जित किए हैं उस पर प्रकाश डालिए।** उत्तरःजी हां मैंने जो कार्य किया कलाकारों के प्रति सेवा भाव से कोरोना काल में मैंने उनके हित के लिए राष्ट्रव्यापी लड़ाई लड़ी जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति सम्मान एवं राज्य सरकार द्वारा काशी अवध रत्न सहित एक दर्जन से अधिक पुरस्कार मुझे मिले इसके अलावा गायन एवं अभिनय के क्षेत्र में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर ,मोस्ट इंस्पायरिंग पीपल अवार्ड, द रियल सुपर हीरो अवार्ड ,साई नाथ रत्न अवार्ड ,प्रयागराज गौरव सम्मान, इंडियन आइकन अवार्ड सहित सौ से अधिक सम्मान मुझे विभिन्न संस्थाओं द्वारा मिले जिसके लिए मैं सभी का शुक्रगुजार हूं। **प्रश्नः आप अपने पारिवारिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए कि कैसे आप इस क्षेत्र में आए और आपको क्या सहयोग परिवार से मिला।** उत्तरःयह आपने सही पूछा क्योंकि मेरा वर्तमान मेरे अतीत की ही देन है मेरे पिताजी जिला पंचायत में लिपिक के पद पर कार्यरत थे लेकिन उन्होंने अपनी पत्रकारिता से प्रदेश में एक वरिष्ठ पत्रकार की पहचान बनाई थी साथ ही देश के बड़े मंच पर साहित्य को प्रचारित प्रसारित करने के उद्देश्य से एक ऊर्जावान कवि के रूप में भी मेरे पिताजी स्वर्गीय राकेश कुमार वर्मा का योगदान रहा । उन्होंने मुझे मेरी चार वर्ष की उम्र से ही मंच पर स्थान दिलाया और मेरे मन से भीड़ का सामना करने का डर खत्म किया, मेरी माता जी स्वर्गीय नूतन वर्मा ने भी मुझे मेरे सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए सदैव सहयोग किया तभी आज बत्तीस वर्ष के सफल सफर को पूर्ण कर पाया हूं ।आज मेरे माता-पिता मेरे साथ नहीं है लेकिन उनके आशीर्वाद से ही मैं आज जहां हूं उनकी ही देन है ,मेरे चाचा जी श्री राजीव वर्मा जो कि पत्रकारिता जगत के महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं उन्होंने मेरा बहुत साथ दिया और सबसे महत्वपूर्ण मेरी पत्नी श्वेता ,मेरे भाई-बहन मेरा बेटा ,मेरे मित्र ,सहकर्मी ,कार्यालय के अधिकारीगण और मेरे घर की अभिभावक मेरी दादी ने हमेशा मुझे प्रोत्साहित किया। **प्रश्नःआपके आगामी प्रोजेक्ट क्या-क्या है** उत्तरः मैं फिलहाल दो वेब सीरीज ,एक भोजपुरी फिल्म एक बॉलीवुड फिल्म और कुछ शार्ट फिल्म में अभिनय के साथ-साथ अपने गायन और उद्घोषण पर बहुत चुनिंदा और मनपसंद प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा हूं,। **प्रश्नःहमने सुना है आप एक सरकारी कर्मचारी भी हैं आप इसको कैसे मैनेज करते हैं।** उत्तरःजी हां मैं जिला पंचायत प्रयागराज में कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत हूं , वह मेरी कर्म भूमि है जिसे मैं पूरा समय देते हुए अपने लोक सेवक होने के दायित्वों को निभाने का प्रयास करता हूं और उसके बाद बचे हुए समय में मैं अपने शौक तथा अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करता हूं। **प्रश्नःआप मंचो पर कहते हैं कि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रयागराज द्वारा आपका पुनर्जन्म हुआ ये कहा तक सत्य है।** उत्तरःयह बिल्कुल सत्य है इन परिस्थितियों में मैं अनुकंपा की नियुक्ति के लिए जिला पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाने लगा जिंदगी उस मोड़ पर आ चुकी थी परिवार के सहित आत्महत्या जैसे ख्याल मन में आने लगे थे जीने की चाह नहीं रह गई थी

लेकिन मेरे जीवन को नई दिशा देने का कार्य करने के लिए शायद ईश्वर ने किसी को सुनिश्चित कर रखा था और वह थे जिले के प्रथम व्यक्ति समाजसेवी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह जी जिन्होंने अपना कार्यभार संभालते ही पहले ही दिन मेरी नियुक्ति की फाइल पर प्रथम हस्ताक्षर करके मुझे पुनर्जीवन दिया ,साथ ही पूर्व विधायक श्री दीपक पटेल जी ने भी मेरे इस खराब वक्त में मुझे सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण से ऊर्जा दी,यह बात मैं अध्यक्ष जी से कभी कह नहीं सका लेकिन शायद मेरे अभिभावक के रूप में ईश्वर ने मुझे पुनः मेरे सर पर उनके रूप में अभिभावक रूपी हाथ दे दिया था, । उनके लिए तो एक हस्ताक्षर आम बात थी लेकिन यह हस्ताक्षर मेरे और मेरे परिवार के लिए पुनर्जीवन था। उसके बाद ही मैंने जिला पंचायत की नौकरी ज्वाइन की और पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्म पथ पर चल पड़ा लेकिन विधाता को यह भी मंजूर नहीं था पिछले साल मेरी तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ गई और वह नौबत फिर आ गई कि चिकित्सकों द्वारा मुझे भी कैंसर जैसी बीमारी से डराया गया लेकिन ईश्वर ने इस बार संभाला और बहुत जल्द इस समस्या से मुझे एक उबार दिया। **प्रश्नःमाता-पिता के गुजर जाने के बाद पिछले दोवर्ष आपने जीवन के सबसे कष्ट पूर्ण वक्त बिताएं क्या उस पर भी कुछ कहना चाहेंगे।** उत्तरःवह ऐसा ऐसा बुरा दौर था जिसे याद करके ही सिहर उठता हूं,बात नवम्बर 2020 की है मेरी बहन की शादी हम सब ने धूमधाम से की और उसके चौबीस दिन बाद ही मेरे पिताजी का साया हम सब से उठ गया हम लोग अभी कुछ समझ ही पाते कि तब तक मेरी माताजी भी इस दुनिया को छोड़ कर चली गई ऐसा लगता था मानो हमारा आकाश और हमारी धरती हमसे छिन गई हो ,वक्त अभी थमा नहीं था कि मेरी पत्नी को कैंसर जैसी भयावह बीमारी ने जकड़ लिया समाज, रिश्तेदार और दुनिया को पहचानने का वह सही वक्त था वो जब पच्चीस लाख से ऊपर का कर्ज और घर की जिम्मेदारी के साथ साथ समाज परिवार में संतुलन बैठाना और पत्नी का इलाज और माता-पिता को खोने के बाद स्वयं की मनोस्थिति अवसाद की तरफ मुझे लेकर जा रही थी। **प्रश्नः अपनी उपलब्धि का श्रेय आप किसे देते हैं।** उत्तरःपरमपिता परमेश्वर ,मेरे माता-पिता ,मेरी पत्नी मेरा समस्त परिवार और मुख्य रूप से मेरे कर्म भूमि में मेरे अभिभावक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह इसके पूर्ण हकदार हैं जिन्होंने मुझे पुनर्जीवन दिया अन्यथा यदि मैं ही ना होता तो मेरी सफलता कैसी और आज भी मैं अपने कार्य के साथ-साथ समाज में सक्रिय रहता हूं उसमें उनका सदैव योगदान है। **प्रश्नःआप एक गायक के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में और अब मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में भी जाने जाते हैं यह आपको कैसा लगता है एवं अन्य लोक सेवकों को भी आप क्या संदेश देना चाहते हैं।** उत्तरःनिश्चित रूप से अच्छा लगता है क्योंकि मैं सकारात्मक दृष्टिकोण से समाज के सामने भजन एवं देशभक्ति भाव से ओतप्रोत गीतों को प्रस्तुत कर एवं सामाजिक कर्तव्यों निर्वाहन करते हुए कला एवं साहित्य को पेश करता हूं मेरा मानना है की समाज के प्रति समस्त लोक सेवकों की जिम्मेदारी है कि वह अपने कार्यों के साथ-साथ समाज की सेवा करें, राज्य सरकार द्वारा आप राज्य सरकार के सेवक हैं तो हर सेवक की जिम्मेदारी समाज के प्रति भी उतनी ही बनती है जो भी जिस क्षेत्र में सक्षम है मदद करें जैसे मैं मलिन बस्ती के बच्चों को पढ़ाने के लिए, ब्लड कैंप आयोजित करने में ,वृद्ध आश्रम में वृद्धों की सेवा करने में एवं विविध प्रकार से जो भी संभव हो पाता है कैंसर रोगियों की सेवा करने में मनोरोगियों की सेवा करने में इस प्रकार से मदद करता हूं समस्त लोक सेवकों का फर्ज है कि वह भी आगे आएं और देशहित में राष्ट्रहित में बचे हुए समय में समाज की सेवा करें। **प्रश्नःअंत में आप अपने साहित्य सांस्कृतिक एवं कलात्मक अनुभव पर प्रकाश डालिए।** उत्तरःमेरे अल्पकालिक कैरियर में मैंने सात सौ से अधिक मंच किए हैं जिसमें गायक के रूप में उद्घोषक वेब रूप में मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में वक्ता के रूप में मेरी प्रस्तुति रही है । मुख्य रूप से भजन गायक एवं म्यूजिक कंपोजर भाई आशीष शर्मा के साथ मैंने पांच सौ से अधिक मंच साझा किए हैं टी सीरीज , सिसोदिया जैसी कंपनी के लिए ऑडियो रिकॉर्ड किए हैं और लगभग एक दर्जन फिल्में जिसमें बॉलीवुड ,भोजपुरी ,वेब सीरीज और शार्ट फिल्मों से मैं जुड़ा हूं इसके साथ में सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा करने को अपना सौभाग्य समझता हूं तथा दूरदर्शन प्रसार भारती के साथ मैं कंपेयर के रूप से भी सेवा दे रहा हूं और कोरोना काल में आकाशवाणी प्रयागराज के माध्यम से मैंने छह प्रस्तुतियां देकर प्रसार भारती की भी सेवा की है।

संक्षिप्त समाचार

पाकिस्तान और आई एम एफ के बीच नहीं हो सकी रुके हुए बेलआउट पैकेज की डील

इस्लामाबाद। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (छइ) और पाकिस्तान के बीच गुरुवार को एक अरब डालर से अधिक के बेलआउट पैकेज पर

समझौता नहीं हो सका। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आइएमएफ प्रतिनिधियों के बीच 31 जनवरी से चल रही बैठक 9 फरवरी को समाप्त हुई। हालांकि, गुरुवार देर रात जारी एक बयान में पाकिस्तान के वित्त सचिव हमीद शेख ने विवरण का खुलासा किए बिना कहा कि पहले से ही आवश्यक उपायों पर आईएमएफ के साथ एक समझौता किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा, ठआईएमएफ के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। आईएमएफ ने एमईएफपी (आर्थिक और वित्तीय नीतियों का ज्ञापन) दस्तावेज पाकिस्तान को सौंप दिया गया है।'देश के सरकारी टेलीविजन चैनल ने वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के हवाले से कहा कि कुछ बिंदुओं पर अभी भी ध्यान देने की जरूरत है। इस समय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है। वहीं, देश में महंगाई दर आसमान छू रही है। बता दें कि वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने पाकिस्तान की बीमार अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं पर चर्चा की।

एनडीआरएफकर रही तुर्की सेना के साथ मिलकर काम

अंकारा। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने तुर्की सेना के साथ मिलकर शुक्रवार को भूकंप प्रभावित तुर्की से एक आठ साल की एक बच्ची को बचाया। तुर्की के गाजियांटेप के नूरदगी में आए भीषण भूकंप में एक इमारत के मलबे के नीचे लड़की जिंदा फंस गई थी। की एक टीम ने तुर्की सेना के सहयोग से एक अन्य जीवित पीड़िता (8 वर्ष की आयु की लड़की) को बहसेली एवलर महालेसी, नूरदगी, गाजियांटेप, तुर्की में सफलतापूर्वक बचाया। एनडीआरएफ ने अपने ट्वीट में तुर्की में चल रहे बचाव कार्यों की एक तस्वीर भी साझा की। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तुर्की में एक और नाबालिग लड़की की जान बचाने के लिए एनडीआरएफ की सराहना की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार को दुनिया की अग्रणी आपदा प्रतिक्रिया बल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इष्ट फ़ाउन्डेशन ने बच्चों को सम्मानित किया

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। इष्ट फाउंडेशन द्वारा शिशु शिक्षा पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में ठकला प्रतियोगिताठ आयोजित की गयी थी। जिसका परिणाम घोषित करने हेतु कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा माँ शारदे की वंदना से की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अंतराष्ट्रिय स्तर पर सम्मानित, बिहार की बेटी के रूप में विख्यात निशा भगत बिहार से यहाँ बच्चों को सम्मानित करने पहुँची।कार्यक्रम संयोजक रोशनी कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वेता, द्वित्य स्थान हिमांशु, तृत्य स्थान अंकित, चौथे एवम पांचवा स्थान नैना और गौरी ने हाँसिल किया। जिसके चलते बच्चों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। ग्रेटर नॉएडा प्रमुख सूरज झा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का हमारा उद्देश्य बच्चों के मनोबल को बढ़ावा देना है ताकि उनमें क्रियात्मक चीजों का विकास भी हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविताएँ प्रस्तुति कर कार्यक्रम की शोभा को इत्याधिक बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या सुरभि राणा, कृष्णा, नीरज, सुरेखा, काजल, नेहा आदि सदस्य मौजूद रहे।

11 फरवरी से भाकियू (भानु) का आन्दोलन इमलिया में

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश सचिव रवि राघव ने बताया है कि किसान आयोग के गठन और अन्य मुद्दों को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु , 11 फरवरी से इमलिया उम्मरगढ़ टूंडला फिरोजाबाद में अनिश्चित कालीन किसान आंदोलन शुरू करने जा रही है किसान नेता ने बताया है कि भारतीय किसान यूनियन भानु केन्द्र सरकार से काफ़ी समय से किसान आयोग के गठन की मांग कर रही है लेकिन केन्द्र सरकार ने इस पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है इसलिए किसानों को आंदोलन शुरू करना पड़ रहा है। रवि राघव ने कहा है कि किसान आयोग का अध्यक्ष और सदस्य किसान ही होने चाहिए और किसानों का पूरा कर्जा माफ किया जाना चाहिए और किसानों को ही अपनी फसल का दाम तय करने का अधिकार मिलना चाहिए।

लोकसभा में आम बजट पर चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि आम बजट 2023-24 में नई आय कर प्रणाली को लागू करने की जो व्यवस्था की गई है उससे आम जनता के हाथ में खर्च करने के लिए ज्यादा राशि बचेगी। लोकसभा में आम बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने बजट में उठाये गये कदमों के बारे में बताते हुए उक्त बात कही। वित्त मंत्री ने बजट को बताया संतुलित वित्त मंत्री ने 01 फरवरी, 2023 को पेश बजट को राजकोषीय हालात को ध्यान में रख कर तैयार किया गया एक बेहद ही संतुलित बजट बताया जो मध्यम वर्ग व ग्रामीण जनता के साथ ही रोजगार सृजन व ग्रीन ग्रोथ पर भी ध्यान दे रही है, ताकि अगले वित्त वर्ष के दौरान भी भारत को दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना कर रखेगा।पूंजीगत खर्चे के मद में 10 लाख करोड़ रुपये की राशि को खर्च करने के प्रस्ताव को सीतारमण ने अर्थव्यवस्था को तेजी देने के साथ ही बड़ी संख्या में रोजगार पैदा करने वाला कदम बताया। वित्त मंत्री सीतारण ने विपक्ष की तरफ से लगाए गए आरोपों का गिन-गिन कर जवाब दिया। चाहे राज्यों को फंड वितरण का मामला हो।

हैन्डलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने की बजट पर चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोटर वेलफेयर एसोसिएशन व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ नोएडा द्वारा बजट 2023 पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला

अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं एचएचएडब्ल्यूए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.पी. शर्मा के साथ अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे।हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर के अध्यक्ष ने बताया कि भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023 के लिए जो बजट पेश किया है वो सभी लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, इसी संबंध में हमने सभी गौतमबुद्ध नगर के व्यापार स्थलों एवं इंडस्ट्रीज़ स्थलों पर जाकर लोगों के विचारो को जाना और हमें यह बताते हुए प्रसन्नता होती है कि सभी इंडस्ट्रीज़ एवं व्यापारियों ने इस बजट को बहुत पसंद किया है। सभी का मानना है कि बजट 2023 ऐसा बजट है जो समाज के हर वर्ग के लिए हितकारी है। उन्होंने कहा कि जो टैक्स स्लैब एवं नई टैक्स की दरे आयी है उसमें अब सात लाख तक कोई टैक्स नहीं लगेगा एवं नौ लाख तक केवल 45000 टैक्स लगेगा, यह सभी एमएसएमई एक्सपोर्टर्स के लिए होती हितकारी है जो छोटे उद्योग 15-20 लोगों को रोज़गार देते हैं वह रोज़गार अब बढ़ेगा।

इस बजट के द्वारा जो सरकार द्वारा यह प्रपोज़ किया गया है कि जो बंद फैक्ट्री पूरे भारत वर्ष में हो गई है उन्हें 2 करोड़ रुपये तक बैंक द्वारा लोन दिया जाएगा ताकि वो यूनिट दोबारा शुरू की जा सके ।ऐसी यूनिट लगभग 2000 है जिससे लगभग दो लाख बेरोज़गार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।एमएसएमई एक्सपोर्टर एवं इंडस्ट्री के लिए एक पर्सेंट इंटरेस्ट की छूट भी एक नया मील का पत्थर साबित होगी इससे एक्सपोर्ट एवं उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। जो नई टेक्सटाइल पॉलिसी प्रदेश सरकार द्वारा लाई गई है वह सभी एक्सपोर्टर्स के लिए बहुत ही लाभदायक है, उसके द्वारा अभी सरकार सभी निर्यातकों को फैक्ट्री लगाने के लिए प्लांटेड मशीन दे रही है और फ़ैक्ट्री खरीदने के लिए काफ़ी छूट देने जा रही है। बुजुर्गों के लिए इस बजट में जो प्रावधान किए गए हैं वह अति उत्तम है और 15 लाख की इनवेस्टमेंट की सीमा बढ़ाकर 30 लाख कर दी गई है। यह सब आज की महँगाई और जरूरत को ध्यान में रखते हुए किया गया है ताकि उन्हें अपने जीवन यापन में कोई समस्या न आए।भारत की महिला शक्ति का भी इस बजट में ध्यान रखा गया है अब कोई भी भारतीय महिला दो लाख रुपये तक साल में बैंक में जमा कर सकती है और उसे 7.5 पर्सेंट के हिसाब से ब्याज मिलेगा यह भी बहुत ही लाभकारी है।इस बजट में विशेषकर युवाओं के लिए स्टार्टअप पर ध्यान दिया गया है, सरकार युवाओं की मदद करना चाहती है उन्हें अब आसानी से बैंक लोन मिलेगा साथ ही फैक्ट्री लगाने के लिए कई आकर्षक सुविधाएँ भी दी जाएगी। कुल मिलाकर यह बजट हर वर्ग के लिए सप्तर्षि बजट है आकर्षक है एवं समाज के कल्याण के लिए है।

बिमटेक बिजनेस लिटरेचर फेस्टिवल 2023 के तीसरे संस्करण में बिजनेस साहित्य की दुनिया के दिग्गज जुटे

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने पेंग्विन रैंडम हाउस के साथ मिलकर आज अपने वार्षिक बिमटेक बिजनेस लिटरेचर फेस्टिवल 2023 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। यह साहित्यिक सम्मेलन प्रबंधन छात्रों और व्यावसायिक पेशेवरों को व्यवसाय की दुनिया में नवीनतम रुझानों और विकास पर विचारोत्तेजक चर्चाओं में शामिल होने के लिए एक साथ ला रहा है। इस उत्सव का उद्घाटन श्री भूपेंद्र यादव, द राइज ऑफ द बीजेपीः द मेकिंग ऑफ द वर्ल्ड्स लार्जेस्ट पॉलिटिकल पार्टी पुस्तक के सह-लेखक, और केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री और पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्री द्वारा किया गया था। परिवर्तन। आधुनिक व्यावसायिक अभ्यास को आकार देने और प्रभावित करने में साहित्य के महत्व पर मुख्य भाषण देते हुए, मुख्य अतिथि, श्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि दो दिवसीय उत्सव स्पष्ट वार्ता, पैनल चर्चा, पुस्तक-लॉन्च, समीक्षा और सूचनात्मक मास्टरक्लास की एक श्रृंखला के लिए उद्योग में कुछ प्रतिभाशाली दिमागों को एक साथ लाता है। पेंगुइन रैंडम हाउस, हार्पर कॉलिन्स, कुजुम बुकस् और रूपा प्रकाशन जैसे प्रमुख प्रकाशन गृहों द्वारा विशेष लेखक हस्ताक्षर सत्र और बुक स्टॉल भी स्थापित किए गए हैं। इस उत्सव में हरीश भट्ट, ब्रांड कस्टोडियन-टाटा संस, टाटा सीरीज और टाटा लाग के लेखक, किरण कार्णिक, निर्णायक दशक के लेखक, सुश्री क्रिस्टीन अमौर-लेवर, वाइल्ड विजडम के लेखक, जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल हैं। इस त्यौहार को प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों द्वारा सम्मानित किया गया, जैसे कि प्रश्निस्तान के लेखक श्री भरत वखलू, द वखलू एडवाइजरी के संस्थापक, टाटा के लीडरशिप एक्सपेरिमेंट और परमेश साहनी; भारतीय कार्यस्थल में समावेशन, गोदरेज इंडिया कल्चर लैब के संस्थापक, समावेशन। गणमान्य व्यक्ति एक पर अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा कर रहे हैं विषयों की श्रेणी, नवाचार और उद्यमिता से लेकर कॉर्पोरेट रणनीति और नेतृत्व तक। विमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने कहा, पढ़ना एक छात्र और शिक्षाविदों के जीवन का एक अभिन्न अंग है। उनके लिए इस उत्सव के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक साहित्यकारों के विचारों को सुनने, चर्चा करने और आत्मसात करने का एक अवसर है। सीखने का अनुभव। पहल एक आभासी मोड में महामारी के दौरान शुरू हुई और इस वर्ष इसके तीसरे संस्करण में, हमने इसे कैंपस में होस्ट किया है, ताकि चर्चा और सहयोग के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया जा सके और अमूल्य अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण सामने लाया जा सके। हमें इस उत्सव की मेजबानी करने पर गर्व है और इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों के आभारी हैं, जिससे यह एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया है।अपनी तरह का यह अनूठा साहित्य उत्सव बी-स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों और केस-स्टडी से परे जाकर दूसरों की कहानियों और अनुभवों के माध्यम से सीखने पर जोर देता है। इसका उद्देश्य छात्रों और पेशेवरों के बीच व्यावसायिक साहित्य पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष के लाइनअप में लेखक श्री अंकित झाम्ब; पीकेडी नांबियार; और प्रो. भरत एच. देसाई ने क्रमशः अपनी पुस्तकों एनविजनिंग अवर एनवायरनमेंटल फ्यूचर का अनावरण किया।पेंग्विन रैंडम हाउस की कार्यकारी संपादक सुश्री राधिका मारवाह के सहयोग से बिमटेक ने 'राइट दैट बुक! लेखन और प्रकाशन पर एक मास्टरक्लास'। कपिल मेहता, जो एक लेखक हैं और सिक्योरनाउ इंश्योरेंस ब्रोकर के सह-संस्थापक हैं, के साथ 'हैप्पीली इंश्योर्डः गाइड टू अंडरस्टैंडिंग इंश्योरेंस एंड लीडिंग ए स्ट्रेस-फ्री लाइफ' पर एक अन्य बौद्धिक टेकअवे मास्टरक्लास था।आर एन भास्कर, गौतम अडानीः रीइमेजिंग बिजनेस इन इंडिया एंड द वर्ल्ड्ज़ के लेखक और हरीश भट, टाटा संस के ब्रांड कस्टोडियन के लेखक ने व्यवसाय और शैक्षणिक के बीच की खाई को पाट दिया दुनिया भर में उनके व्यावहारिक उद्योग से संबंधित प्रस्तुतियों वेब माध्यम से।फायरसाइड चैट में, निर्णायक दशक के लेखक श्री किरण कार्णिक और द मोरल कम्पासः फाइंडिंग बैलेंस एंड पर्पस इन एन इम्परफेक्ट वर्ल्ड के लेखक श्री हरदयाल सिंह ने भारत पर एक विचारोत्तेजक चर्चा की। : द रोड अहेड और एक विकसित वैश्विक परिदृश्य में भारत की संभावित भूमिका पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की।समापन भाषण द वाखलू एडवाइजरी टीडब्ल्यूए के संस्थापक, रेसिलिएंट लीडरशिप एंड चेंज मास्टर के सह-संस्थापक और पूर्व-टाटा एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज और बेस्टसेलिंग लेखक श्री भरत वखलू का था।

समाजवादी पार्टी से विधानसभा प्रत्याशी हो सकते हैं चंद्रप्रकाश छोटू पटेल

(आधुनिक समाचार सेवा)

मैहर। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी हो सकते हैं चंद्रप्रकाश छोटू सिंह बात करते हैं मैहर विधानसभा की जहां इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं मैहर विधानसभा में एक से बढ़कर एक प्रत्याशी अपना पैंतरा आजमाइश करेगे चाहे वह कांग्रेस पार्टी हो या भारतीय जनता पार्टी हो चाहे अन्य दल हो वही एक और गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले चंद्रप्रकाश पटेल युवाओं के लाडले पिछड़ा वर्ग की आवाज बुलंद करने वाले गरीबों के हित में लड़ने वाले समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश छोटू को समाजवादी पार्टी की तरह समाजवादी का परचम लहरा सकते हैं माना जाता है कि चंद्रप्रकाश छोटू पटेल की ग्रामीण अंचलों में बहुत ज्यादा ही पकड़ है व पिछड़ा वर्ग के लोग चंद्र प्रकाश पटेल छोटू भैया को अपना नेता भी मानते हैं दोहरा सकते हैं 2003 का इतिहास चंद्रप्रकाश छोटू पटेल मैहर विधानसभा के एक छोटे से गांव जरियारी के रहने वाले है। उन्होंने बचपन से ही राजनीति करने का प्रण ठान लिया था। जो कि बीते इतने सालों से प्रयास करते-करते आज 2023 में समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ने की उम्मीद है।

अगर अपना प्रत्याशी घोषित करती है तो चंद्रप्रकाश पटेल 2023 के विधानसभा में फिर एक बार 2003

भूकंप से जान गंवाने वालों की संख्या 21,000 से अधिक अभी भी मलबे में फंसे हुए हजारों लोग

अंकारा। तुर्किये और सीरिया में सोमवार को आए विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, अबतक 21,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। तकरीबन, 17 हजार से ज्यादा लोग तुर्किये में मारे जा चुके हैं। वहीं,सीरिया में 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। इस आपदा में 70,347 लोग घायल हो चुके हैं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेडरोस अदनोम गेब्रेहेसुस सीरिया के लिए रवाना हुए। टेडरोस अदनोम गेब्रेहेसुस ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'मैं सीरिया जा रहा हूं, जहां डब्लूएचओ द्वारा जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराया जा रहा है।'अंटाक्या के पूर्व में स्थित दियारबाकिर में बचाव दल ने एक घायल महिला को सुबह एक ढही हुई इमारत से करीब 72 घंटे बाद जीवित निकाल लिया। महिला के साथ के तीन लोग हालांकि मलबे में मृत पाए गए। अंटाक्या में ही एक महिला सेरप अर्सलान उस इमारत के मलबे को

नम आखों से देख रही थी, जिसके तले उसकी मां और भाई दबे हुए हैं। यहां भारी मात्रा में मौजूद मलबे को हटाने का काम अब जाकर शुरू हुआ है। उधर, विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर-पश्चिमी सीरिया में बृहस्पतिवार की सुबह संयुक्त राष्ट्र का एक सहायता ट्रक पहुंचा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि आपरेशन दोस्त के तहत भूकंप राहत प्रयासों के लिए बचाव कर्मियों, आवश्यक वस्तुओं और चिकित्सा उपकरणों को लेकर भारत से छठा विमान तुर्किये पहुंच गया है। इसमें भूकंप प्रभावित देश के लिए और राहत कर्मी, डाग स्क्वाड और आवश्यक दवाएं भेजी गई हैं। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर विदेश मंत्रालय ने तुर्किये में चलाए जा रहे अपने एक मोबाइल अस्पताल की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जहां चिकित्सा विशेषज्ञ आपात स्थिति में लोगों का इलाज कर रहे हैं। उधर, भूकंप प्रभावित तुर्किये में राहत और बचाव कार्यों में लगी भारत की एनडीआरएफ टीम ने गजियांटेप में मलबे के नीचे से एक छह वर्षीय बच्ची को जिंदा बचाया है। राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन को सरकार के बचाव व राहत के धीमे प्रयासों को लेकर आलोचना झेलनी पड़ रही है। आक्रोशित लोग सरकार से पूछ रहे हैं कि पिछले करीब ढाई दशक से भूकंप के नाम पर जो टैक्स वसूला गया, वह रकम कहां है हिसाब दो। विनाश की इस घड़ी में उस रकम का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा। बता दें कि भूकंप व अन्य प्राकृतिक आपदा से निपटने के नाम पर तुर्किये में सरकार 'स्पेशल कम्युनिकेशन टैक्स' वसूलती है।

पूर्व फिलिस्तीन में रसायन ले जा रही ट्रेन पटरी से उतरी, आस-पास की हवा हुई जहराली

फिलिस्तीन। पेन्सिलवेनिया राज्य लाइन के पास रसायनों से लदी एक ट्रेन के पटरी से उतर गई। जिसके कारण उस दौरान कई लोग मौके पर फंसे रहे। इस दौरान एक हेनरी नाम की महिला भी काफी डरी हुई थीं। जब उन्हें कहा गया कि अब वह अपने घर जा सकती हैं, मेलिसा हेनरी घबराहट में अपने घर के अंदर चली गई। घर आकर सबसे पहले उसने अपनी चादरें और तकिए के कवर धोए। फिर उसने अपने रसोई के काउंटरों पर बचा हुआ खाना बाहर फेंकना शुरू कर दिया। उसने अपनी सभी खिड़कियाँ भी खोल दीं। उसने कहा, क्या ऐसा करना सही था या नहीं? आप नहीं जानते। यह एक दुःस्वप्न था और अब भी है। बुधवार को पूर्वी फिलिस्तीन के ओहियो गांव को खाली करने के दौरान निवासियों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को पटरी से उतरने वाली लगभग 50 कारों में से पांच टैंकरों के नियंत्रित रिलीज और जलने के बाद सैकड़ों हवा के नमूनों में विषाक्त पदार्थों का कोई खतरनाक स्तर नहीं दिखा। कुछ लोग हेनरी सहित पहले कुछ घंटों के अंदर ही वापस आ गए, दूसरों ने तब तक इंतजार किया जब तक कि उन्होंने हवा के नमूने के परिणाम नहीं देखे। उसने कहा, मैं कल रात एक मलबे के अंदर थी। मेरे बच्चे यहां हैं, यही मेरी

सबसे बड़ी चिंता है। हेनरी और उसके दो लड़के लगभग पांच दिनों तक अपने माता-पिता के साथ रहे और पटरी से उतरने की सफाई का इंतजार करते रहे हैं। उसने कहा, निकासी के आदेश से पहले वह शनिवार को चली गईं क्योंकि उनके सबसे छोटे बेटे की आंखें लाल हो गई थीं और वह बहुत खांस रहा था। मेयर ट्रेंट कॉनवे ने स्वीकार किया कि जिस जगह हादसा हुआ वहां के आस पास के लोग लंबे समय तक गंध से परेशान रहे। उन्होंने कहा कि गांव सिर्फ रेल ऑपरेटर नॉरफ़ॉक सदर्न रेलवे की बात नहीं मान रहा है और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि वायु परीक्षण में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गांव की पेयजल व्यवस्था की रोजाना जांच की जा रही है और यह सुरक्षित है।उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिक चिंता उनके निवासियों और उनके स्वास्थ्य की है। उन्होंने नॉरफ़ॉक सदर्न को जवाबदेह ठहराने का वादा किया। कोलंबियाना काउंटी ईएमए के निदेशक पैगी क्लार्क ने कहा कि अब तक घरों में वायु परीक्षण के लिए लगभग 300 अनुरोध प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षण में प्रत्येक घर के लिए आधे घंटे का समय लगता है और प्रतिदिन 10 घंटे काम करने वाली चार टीमों द्वारा काम किया जा रहा है। अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के जेम्स जस्टिस ने बुधवार को कहा कि समुदाय के आस-पास एयर मॉनिटर से रीडिंग के आधार पर किसी भी घर या व्यवसाय के अंदर विषाक्त पदार्थों का कोई खतरनाक स्तर होने की संभावना नहीं है। पूर्वी फिलिस्तीन में स्कूल, जो ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण पूरे सप्ताह बंद रहे थे, अस्थायी रूप से सोमवार को फिर से खोलने की योजना बना रहे हैं।

कब जारी होगी पीएम किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त, जानिए अब तक के सभी अपडेट

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त का इंतजार कर रहे

किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सरकार देश भर में करोड़ों किसानों को पीएम किसान योजना की 13वीं किस्त देने की तैयारियों में लगी है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार जल्द ही इस योजना की अगली किस्त का पैसा जारी कर सकती है। आपको बता दें कि लगभग दो करोड़ किसान पीएम किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त से चूक गए थे। किसानों के रिकॉर्ड में तमाम गड़बड़ियां पाई गईं थीं। बहुत से लोगों के खण् रिकॉर्ड में गड़बड़ी थी। हजारों लोग ऐसे भी थे, जो गलत दस्तावेजों के सहारे पीएम किसान का पैसा ले रहे थे। बहुत से लोग ऐसे भी रहे, जिन्होंने भू-लेखों को सत्यापित नहीं कराया था।इन सभी लोगों को पीएम किसान की 12वीं किस्त नहीं जारी की गई थी। इस बार सरकार इस बात को सुनिश्चित कर रही है कि सभी पात्र किसानों को किसानों सम्मान निधि का पैसा समय पर मिले। नहीं बढ़ेगा पीएम किसान योजना का पैसा सरकार ने मंगलवार को संसद को सूचित किया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत राशि बढ़ाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। वर्तमान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रति लाभार्थी 6,000 रुपये दिए जाते हैं। को फरवरी 2019 में लॉन्च किया गया था, लेकिन इसे लागू दिसंबर 2018 से किया गया था।योजना के तहत पात्र किसानों को हर चार महीने में 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये दिए जाते हैं। ये राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। इतने लाभार्थियों को दिया गया है पैसा कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में कहा कि इस साल 30 जनवरी तक पात्र किसानों को 2.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता पीएम किसान योजना के तहत दी जा चुकी है।

बिग बॉस में इन फैसलों ने पलट दिया पूरा गेम, फिनाले से पहले दिखाए गए यह तगड़े ट्विस्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। टीवी के सबसे कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस के 16वें सीजन का अंत बस दो दिन की दूरी पर है। 12 फरवरी को पूरे देश को मालूम हो जाएगा

कि इस सीजन की ट्रॉफी किसने नसीब में गई। मगर तब तक एक क्विक रीकैप लेते हैं अब तक के मजेदार ट्विस्ट पर, जिसने न सिर्फ मेकर्स को टीआरपी दी बल्कि दर्शकों को भी बहुत एंटरटेन किया। अंकित गुप्ता का एविक्शन बिग बॉस सीजन का सबसे बड़ा झटका कई सारे लोगों के फेवरेट रहे अंकित गुप्ता का एविक्शन रहा है। उन्हें ऑडियंस के वोट से नहीं, बल्कि घरवालों के वोट से बाहर किया गया, जो कि आज कर बिग बॉस के इतिहास में कभी नहीं हुआ। अंकित गुप्ता का एविक्शन शॉकिंग ही नहीं अनफेयर भी था। उन्हें अचानक बेघर किए जाने से फैंस ने मेकर्स के खिलाफ काफी भड़ास निकाली थी।फिनाले करीब है और ऐसे में बिग बॉस ने प्राइज मनी वाले पार्ट में ट्विस्ट ला दिया है। यानी कि यह संभव है कि कंटेस्टेंट को प्राइज मनी उसकी परफॉर्मेंस और पॉपुलैरिटी के हिसाब से मिले। बिग बॉस ने प्राइज मनी के हिसाब से कंटेस्टेंट्स को तीन हिस्सों में बांट दिया है। यह कैटेगरी है- हाइपर एक्टिव, एक्टिव और लॉस्ट। द खबरी ने इस बारे में नौ जनवरी को इंस्टा पर जानकारी दी थी। बिग बॉस 16 का एक शॉकिंग ट्विस्ट गौतम विग का राशन की कुर्बानी देना भी रहा। शो में एक एपिसोड में सलमान खान ने गौतम विग को ऑफर दिया था कि या तो वह कैप्टेंसी भूल जाएं। या फिर कैप्टन बनने के लिए राशन को गंवा दें। गौतम ने कैप्टेंसी को चुना और उनकी यही फैसला उनके गले की फांस बन गया। इस ट्विस्ट के बाद न सिर्फ गौतम को घरवालों की नाराजगी का सामना कर पड़ा, बल्कि उनका सफर भी ज्यादा लंबा नहीं चला। इस बार कैप्टेंसी के साथ 16वें सीजन का सबसे बड़ा ट्विस्ट 'टिकट टू फिनाले' भी रहा। ट्विस्ट यह रखा गया कि जो भी घर का कैप्टेंन होगा, उसे टिकट टू फिनाले वीक में एंट्री होगी। वह फिनाले का पहला फाइनलिस्ट भी होगा। इसके लिए कंटेस्टेंट्स को एक टास्क दिया गया था, जिसमें निमृत की जीत हुई। इसी के साथ निमृत शो की पहली फाइनलिस्ट बनीं। लेकिन उनका यूं फिनाले तक पहुंचना यूजर्स को रास नहीं आया। यही वजह रही कि जब टॉप 5 के लिए वोटिंग ऑडियंस के हाथ में आई, तो उन्होंने निमृत को बाहर कर दिया। उनका एविक्शन रातोंरात हुआ। इतने सारे ट्विस्ट के बीच एक ट्विस्ट होस्ट सलमान खान का बीच में ही शो से जाना भी है। ऐसा किसी सीजन में नहीं हुआ कि सलमान ने बीच में बतौर होस्ट अपनी जिम्मेदारी किसी और को दी हो। लेकिन इस सीजन में उनकी जगह बीच-बीच में करण जौहर और फराह खान को देखा गया। सलमान अब सीधे फिनाले में दर्शन देंगे।

अधूरी रह गई प्यार की कहानी ये ट्रैजिक लव स्टोरीज देख भर आयीं ऑडियंस की आंखें

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। प्यार जिंदगी की सबसे खूबसूरत चीज है। जब किसी इंसान को प्यार होता है, तो वह उसे अपना बनाने में पूरी जान लगा देता है। लेकिन हर प्यार करने वाले को अपनी मंजिल मिले, ये जरुरी नहीं है। बॉलीवुड में करण जौहर ने कुछ-कुछ होता है से लेकर कभी अलविदा ना कहना तक में प्यार के अलग-अलग रंग दिखाए। तो वहीं आज भी जब बॉलीवुड में रोमांस की बात होती है, तो लोगों की जुबान पर पहला नाम यश चोपड़ा का होता है। बॉलीवुड के बादशाह शाह रुख खान ने रोमांस को एक नई परिभाषा दी और वह किंग ऑफ रोमांस बन गए।हालांकि, इन सबके बीच बॉलीवुड में कई फिल्में ऐसी आईं, जिसमें इस सच्चाई को उजागर किया गया कि प्यार का अंत हमेशा अच्छा नहीं होता, कभी-कभी उसमें बहुत दर्द सहना पड़ता है। आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनमें प्यार तो किरदारों के बीच हुआ, लेकिन उन्हें उनकी मंजिल नहीं मिली। लव स्टोरी का ये अंजाम

देखकर दर्शकों की आंखों से भी आंसू निकल गए। सिलसिला साल 1981 में रिलीज हुई यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' की कहानी आज भी लोगों को याद है। इस फिल्म में रेखा, अमिताभ बच्चन और जया बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। ऐसा माना जाता है कि ये फिल्म इन तीनों स्टार्स की असल जिंदगी से भी प्रेरित है। ये फिल्म एक ट्रैजिक लव स्टोरी है, जहां अपने भाई शेखर(शशि कपूर) के निधन के बाद अमित मल्होत्रा(अमिताभ बच्चन) के किरदार को शेखर की गर्भवती पत्नी शोभा (जया बच्चन) से शादी करनी पड़ती है।अपने कर्तव्य के लिए अमिताभ बच्चन चांदनी(रेखा) से उसे भूलने के लिए कहते हैं, जिससे उनका दिल पूरी तरह टूट जाता है। ये रेखा के साथ अमिताभ बच्चन की आखिरी फिल्म थी। संजय लीला भंसाली की साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'देवदास' ने बॉक्स ऑफिस पर भले ही करोड़ों का बिजनेस किया हो, लेकिन इस फिल्म ने थिएटर से निकले लोगों की आंखें नम कर दी। देव-पारो की ट्रैजिक लव स्टोरी देखकर हर किसी का दिल भर गया। अपने प्यार और परिवार के बीच फंसा हुआ देव(शाह रुख खान) की जिंदगी का अंत इस फिल्म में बेहद दर्दनाक है। देव और पारो को फिल्म के अंत में ना तो एक-दूजे का प्यार मिला और ना ही चंद्रमुखी को उसके प्यार की मंजिल मिली। 1981 में सिलसिला के अलावा एक और फिल्म थी, जिसने लव-स्टोरी के ट्रैजिक एंड को बड़ी ही खूबसूरती के साथ परदे पर दर्शाया। इस फिल्म का नाम था 'एक-दूजे के लिए' । फिल्म में कमल हासन और रति अग्निहोत्री ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म में कमल हासन ने एक तमिल आदमी, वासु का किरदार निभाया था, जिसे सपना नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। दोनों के माता-पिता एक-दूसरे के परिवार को तुच्छ मानते हैं। जब वासु और सपना अपने प्यार को स्वीकार करते हैं, तो परिवार दोनों को अलग करने के लिए चाल चलते हैं और दोनों को एक साल के लिए अलग कर देते हैं। वासु और सपना अनिच्छुक रूप से इस शर्त से सहमत होते हैं और अलग होने का फैसला करते हैं। यश चोपड़ा और करण जौहर के अलावा संजय लीला भंसाली ने भी अपने ही स्टाइल में प्यार की कहानी को दिखाया है। सलमान खान-अजय देवगन और ऐश्वर्या राय स्टारर 'हम दिल दे चुके सनम' भी कुछ ऐसी ही कहानी है। जहां अजय देवगन के किरदार संग शादी के बंधन में बंधने के बाद ऐश्वर्या उर्फ नंदिनी अपने प्यार को पाने के लिए सात-समंदर पार जाती हैं। हालांकि, प्यार को पाने की जिद में निकलीं ऐश्वर्या राय एंड में अजय देवगन के अटूट प्यार के आगे अपना दिल हार जाती हैं और वह समीर (सलमान खान) को छोड़ देती हैं। अंत में इस फिल्म में सलमान खान के प्यार की हार दिखाई जाती है।रियल हो या फिर रील लाइफ सलमान खान की लव स्टोरी काफी ट्रैजिक ही रही है।

सारा अली खान को छूने की एयरपोर्ट पर की गई कोशिश, सहम गई एक्ट्रेस

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। फिल्म एक्ट्रेस सारा अली खान को मुंबई एयरपोर्ट पर हाल ही में स्पॉट किया गया था। ऐसे में एक फैन ने उनके चेहरे को

छूने की कोशिश की। पहले वह हाथ मिलाती है। इसके बाद वह ऐसा करती नजर आती है। यह सारा माजरा कैमरे में कैद हो गया है। सारा अली खान राजस्थान से वापस आ रही थी। हालांकि, जिस प्रकार उन्होंने इन सारी चीजों को हैंडल किया है। इसे लेकर उनके फैंस उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। सारा अली खान को एयरपोर्ट पर गुरुवार को स्पॉट किया गया सारा अली खान को एयरपोर्ट पर गुरुवार को स्पॉट किया गया। वीडियो के अनुसार वह रास्ते में कई फैंस से मिलती नजर आई। उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी भी ली और उनके साथ अच्छा व्यवहार भी किया। इसी दौरान एक महिला ने उनसे पहले हाथ मिलाया और उनके गालों को छूने का प्रयास किया। यह देखकर सारा अली खान सहम गई। हालांकि, उन्होंने अपने आपको नियंत्रित रखा और बिना किसी अन्य प्रतिक्रिया दिए वह आगे बढ़ गई। इस पूरे मामले को देखकर फैंस की मिल रही प्रतिक्रियाएं दमदार है।सारा ने सलवार, सूट और पिंक दुपट्टा ले रखा है। वहीं, वह फोटो क्लिक कराती नजर रही है। एक ने लिखा है, 'यह महिला उसकी ज्वेलरी चोरी करने का प्रयास कर रही है यह कितना बुरा है।' वहीं एक ने लिखा है, 'कोई किसी की निजी स्पेस में कैसे घुस सकता है।' सारा को शांत रहने के लिए बधाई।' एक ने लिखा है, 'सारा बहुत मैच्योर हो गई है। उनकी मम्मी ने उनको बहुत ही अच्छे से पाल पोसकर बड़ा किया है। उनकी विनम्रता देखने लायक है।सारा अली खान सैफ अली खान की बेटी हैं। वह हाल ही में उदयपुर में अपनी मां के साथ ट्रिप पर गई थी। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 2018 में केदारनाथ से डेब्यू किया था।

आतंकवाद कैसे बना खरबों रुपया का व्यापार बताती है अश्मित पटेल की फिल्म सेक्टर बालाकोट अ वॉर इकॉनमी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। फिल्म अभिनेता अश्मित पटेल की जल्द फिल्म सेक्टर बालाकोट रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि अश्मित

पटेल फिल्म में एक सुसाइड जिहादी की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, ट्रेलर के माध्यम से यह भी बताया गया है कि वह एनआईए के कब्जे में है और अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। ट्रेलर देखकर पता चलता है कि यह फिल्म आतंकवाद और उससे जुड़ी इकोनॉमी पर आधारित है। फिल्म का टाइटल भी यही कहता है, 'सेक्टर बालाकोट अ वॉर इकोनामी।' यह फिल्म 17 फरवरी को रिलीज हो रही है। फिल्म आतंकवाद को नया नजरिया देने का प्रयास कर रही है। फिल्म में अश्मित पटेल के अलावा फेमिना मिस इंडिया जिनाल पंड्या, स्पेशल 26 में नजर आए विपुल गुप्ता और पुनीत इस्सर की भी अहम भूमिका है। वहीं इस फिल्म का निर्देशन हितेश क्रिस्टी ने किया है। इस फिल्म के बारे में बताते हुए निर्देशक रितेश क्रिस्टी ने कहा, 'आतंकवाद जैसे बेहद जरूरी विषय पर यह फिल्म आधारित है। इसमें बताया गया है कि किस प्रकार मजहब और जिहाद की आड़ में बिलियन डॉलर की इकॉनमी खड़ी कर दी गई है। सेक्टर बालाकोट इसी विषय पर बात करती है। इसमें यह समझाने का प्रयास किया गया है कि कसाब जैसे आतंकी मोहरे होते हैं लेकिन उन्हें दांव पर लगाने वाले जिहादी अरबों-खरबों का खेल खेलते हैं।' अश्मित पटेल फिल्म अभिनेता है। उन्होंने कई टेलीविजन शो में भी काम किया है। इसके अलावा वह कई म्यूजिक वीडियो में भी नजर आ चुके हैं। उनके गाने काफी पसंद किए गए थे। उनका रिया सेन के साथ एक एमएमएस लीक हुआ था। इसके बाद वह काफी चर्चा में आ गए थे।

लियोनार्दो हुए असम सरकार के फैन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। हॉलीवुड अभिनेता लियोनार्दो डिकैप्रियो असम सरकार के प्रयासों से काफी खुश नजर आ रहे हैं। दरअसल उत्तर-पूर्व के भारतीय राज्य में राइनो पोचिंग आम बात थी लेकिन असम सरकार के अथक प्रयासों से 21-22 में एक भी राइनों का शिकार नहीं हो पाया। इस बात से लियोनार्दो डिकैप्रियो काफी खुश नजर आए। उन्होंने उत्तर-पूर्व के राज्य में राइनो पोचिंग पर रोक लगाने में सफल हुई सरकार को बधाई दी है। लियोनार्दो डिकैप्रियो ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है लियोनार्दो डिकैप्रियो ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने काजीरंगा नेशनल पार्क में विलुप्त होने की श्रेणी में आए जानवर को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयास कार्यों की सराहना की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा है, '2021 में भारतीय राज्य असम की सरकार में एक सिंगी राइनो के शिकार पर रोक लगाने का निर्णय लिया था।

केजीएफ 2 के बाद अब पठान तोड़ेगी इस फिल्म का रिकॉर्ड, तीसरे हफ्ते में दमदार कलेक्शन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। शाह रुख खान की फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। 25 जनवरी को रिलीज हुई इस फिल्म ने महज तीन हफ्तों में ही एक अच्छी-खासी कमाई कर ली है। घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ दुनियाभर में फिल्म ये फिल्म सफलता के झंडे गाड़ रही है। तीसरे हफ्ते में आकर इस फिल्म की रफ्तार थोड़ी धीमी जरूर पड़ी है, लेकिन तीसरे वीकेंड पर भी ऑडियंस को ये उम्मीद है कि ये फिल्म अच्छी खासी कमाई कर सकती है। 16वें दिन इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की चलिए जानते हैं। 16वें दिन पठान का ऐसा रहा कलेक्शन यशराज बैनर तले बनी शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण स्पाई थ्रिलर फिल्म लोगों को थिएटर तक लाने में कामयाब रही है। इस फिल्म की सफलता को देखने के बाद ये कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि शाह रुख खान का चार साल बाद फिल्मी पर्दे पर लौटना सफल रहा है। पहले ही हफ्ते में

364 करोड़ के आसपास की कमाई करने वाली इस फिल्म ने तीसरे हफ्ते में 450 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। 16वें दिन इस फिल्म के कलेक्शन में गिरावट आई है। इस फिल्म ने गुरुवार को टोटल हिंदी में 5.82 करोड़ की कमाई की है। अब तक इंडियन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म टोटल 458.99 करोड़ की टोटल कमाई की है।हिंदी के अलावा ये फिल्म तमिल और तेलुगु भाषा में भी रिलीज हुई। हिंदी भाषा में जहां इस फिल्म ने 5 करोड़ के आसपास बिजनेस किया, तो वहीं दूसरी तो वही तमिल में ये फिल्म सिर्फ चार लाख रुपए ही कमा पाई, इसके अलावा तमिल भाषा में इस फिल्म ने 18 लाख का 16वें दिन बिजनेस किया। 16वें दिन तक इस फिल्म ने हिंदी में टोटल 442 करोड़, तेलुगु में इस फिल्म ने 11.13 करोड़ और तमिल में इस फिल्म ने 5.29 करोड़ का बिजनेस किया। शाह रुख खान की फिल्म की पठान की बात की जाए, तो ये फिल्म सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 का क्रॉसओवर है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, शाह रुख खान के अलावा जॉन अब्राहम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाह रुख खान की फिल्म पठान पहले ही यश की पैन इंडिया रिलीज फिल्म 'केजीएफ-2' का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है और अब जिस रफ्तार से ये फिल्म आगे बढ़ रही है, उसे देखते हुए ये कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि फिल्म इस वीकेंड में जल्द ही 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी और इंडियन बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की फिल्म 'बाहुबली 2' का रिकॉर्ड तोड़ देगी।

फिनाले से पहले निकलेगी इन कंटेस्टेंट्स की चीख, रोहित शेट्टी को देख थम जाएंगी सांसें

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। पिछले कुछ महीनों से

बिग बॉस 16 ने दर्शकों को टीवी स्क्रीन से जोड़े रखा। इस बार का सीजन काफी हिट भी रहा, ऐसे में बिग बॉस के फिनाले को लेकर फैंस और भी ज्यादा एक्साइटेड हैं। हाल ही में घर में बचे पांच कंटेस्टेंट्स को उनका जर्नी वीडियो दिखाया गया, जिसने दर्शकों के दिलों की धड़कनें बढ़ा दीं। अब पांचों फाइनलिस्ट के लिए एक और खुशखबरी, घर में एंटर करने वाली है। फिल्म मेकर और खतरों के खिलाड़ी के होस्ट रोहित शेट्टी को धमाकेदार अंदाज में घर में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। रोहित, कंटेस्टेंट्स के लिए एक सरप्राइज लेकर घर में प्रवेश करते हैं। इनकी एंट्री भी फिल्मों की ही तरह कांच का दरवाजा तोड़कर होती है। फिल्म मेकर से मिलने के लिए बिग बॉस टॉप 5 गार्डन एरिया में इक्कठे होते हैं। रोहित शेट्टी, दर्शकों के साथ साझा करते हैं कि प्रतियोगियों को जल्द ही खतरनाक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि ये खबर पहले भी आ चुकी है कि शिव ठाकरे बिग बॉस के बाद खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन में नजर आने वाले हैं। निमृत भी शिव को कई बार बोल चुकी हैं कि तुम तो खतरों के खिलाड़ी में जाने वाले हो। याद दिला दें कि घर में ज्योतिषी ने भी शिव को कुछ ऐसे ही हिंट किए थे और कहा था कि तुम्हारा भविष्य काफी उज्ज्वल है। बिग बॉस 16 का फिनाले 12 फरवरी को होगा और दबंग एक्टर सलमान खान, शो को होस्ट करने के लिए वापस आएंगे। लेटेस्ट एपिसोड में, बिग बॉस ने प्रियंका चाहर चौधरी और शालीन भनोट को उनका जर्नी वीडियो दिखाया। जिसे देखकर दोनों इमोशनल हो गए। उन्होंने बिग बॉस को धन्यवाद दिया। एक अन्य प्रोमो में, शिव ठाकरे, एमसी स्टैन, अर्चना गौतम को अपनी जर्नी का वीडियो देखने का मौका मिलेगा। शिव ठाकरे मंच की ओर चलते हैं और बिग बॉस 'यारों का यार' और मंडली का 'दिल और दिमाग' कहकर उनकी तारीफ करते हैं।

तुम्हारे इश्क से बनी हूं मैं, पहले जिंदा थी अब जी रही हूं मैं

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। तुम पहले भी इतनी खूबसूरत थी या वक्त ने यूं किया हसीं सितम, तुम्हारे जैसी लड़कियां फ्लर्टिंग के लिए नहीं होती या तुम्हारी स्माइल कितनी डेंजरस है। यह लाइनें बॉलीवुड की मोस्ट रोमांटिक डायलॉग में आती है। वैलेंटाइन वीक शुरू होने वाला है। ऐसे में हम आपके लिए बॉलीवुड के टॉप टेन रोमांटिक डायलॉग की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आज भी न सिर्फ याद किया जाता है बल्कि कई ब्वॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड एक-दूसरे को कहते नजर आते है। रणबीर कपूर की फिल्म यह जवानी है दीवानी का डायलॉग 'तुम पहले भी इतनी खूबसूरत थी या वक्त ने किया कोई हंसी सितम' पर आज भी इंस्टाग्राम रील बनाए जाते हैं। वहीं, इसी फिल्म का दूसरा डायलॉग, 'तुम्हारे जैसी लड़कियां फ्लर्टिंग के लिए नहीं इश्क के लिए बनी है।' इसे भी काफी पसंद किया गया था।

आदिल के जेल जाने से अकेली पड़ीं राखी, एक्स हसबैंड रितेश का आया रिएक्शन, बोले- 'मैं तैयार हूं

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली।राखी सावंत के जीवन में इस वक्त तूफान आ गया है। उन्होंने पति आदिल खान दुर्रानी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और उन्हें अरेस्ट करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। राखी ने आदिल पर डेढ़ करोड़ के गबन और घरेलू हिंसा की धाराओं में केस दर्ज कराया है। इतने बुरे समय में राखी के एक्स हसबैंड रितेश सिंह का भी रिएक्शन सामने आया है। राखी सावंत के एक्स हसबैंड का रिएक्शन रितेश सिंह, राखी सावंत के एक्स हसबैंड रह चुके हैं। बिग बॉस 15 में दोनों ने साथ में एंट्री ली



थी। कुछ समय बाद ही इन दोनों के बीच अलगाव हो गया और राखी की जिंदगी में आदिल आ गए। हाल ही में रितेश ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने लिखा- मैं राखी की जिंदगी में वापस नहीं जा रहा हूं, ना ही उनके और आदिल के बीच आने का मेरा कोई इरादा है।अपनी पोस्ट के बारे में विस्तार से बताते हुए रितेश ने ई-टाइम्स से कहा, 'राखी को बात करनी पडेगी। मुझे पता है कि वह मेस में कैसे उतरी, लेकिन उसे पहले बोलना चाहिए। फिर, मैं इस मुद्दे में आ सकता हूं। मुझे सब पता है। मुझे लग रहा है कि राखी के साथ ये सब दोबारा कैसे हो गया। मेरे साथ भी ये सब हुआ है इसका मतलब ये नहीं कि मैं गलत हूं, इसी तरह राखी भी गलत नहीं है। राखी मेरे लिए जरूरी है, मेरे माता-पिता के बाद उसने ही मुझे इतना प्यार दिया।उन्होंने यह भी खुलासा किया कि राखी ने उनसे बताया था कि कैसे आदिल उनके साथ मिसबिहेव करता है। रितेश ने कहा कि उन्होंने राखी को सलाह दी थी कि 'जो तुझे संभाल सके ऐसे लड़के साथ रहे'। जहां तक मेरा सवाल है, राखी मेरे बारे में पहले से सब कुछ जानती थी। इसलिए, मैं उसे कभी धोखा नहीं दे रहा था। नहीं, मैंने अपनी लव लाइफ खत्म कर दी है। मैं बहुत इमोशनल इंसान हूं। मैं फिर से दर्द से नहीं गुजरना चाहता।' साथ ही यहां मैं आपको बता दूं कि मैंने राखी को कभी धोखा नहीं दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।